## कोऑर्डिनेटर बनने पर शफी अहमद का किया गया स्वागत

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओंकार सिंह की अध्यक्षता में आज यूपी युवा कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर बनने पर शफी अहमद का स्वागत किया गया। कांग्रेसियों ने उन्हें बधाई देते हुए पार्टी को मजबूती देने की उम्मीद जताई।



शफी अहमद।

रविवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि तनवीर सफदर एवं जितेंद्र कश्यप ने फूल मालाओं से शफी अहमद का स्वागत किया प्रेमप्रकाश अग्रवाल ने शफी अहमद को युवा कांग्रेस का कोऑर्डिनेटर बनने पर शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि शफी अहमद को युवा कांग्रेस कोऑर्डिनेटर बनने से निश्चित ही युवा कांग्रेस मजबूत होगी। शफी अहमद ने कहा कि देश में महंगाई बढ़ रही है, लोग बर्बाद होते जा रहे हैं, अच्छा और सस्ता इलाज देने में मोदी सरकार फेल हैं। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, गौरव सिंह राठौर, सुनीता सिंह, विरेश तोमर, बाबू चौधरी, अकील अहमद आदि ने शफी अहमद का फूल मालाओं से स्वागत किया।

# मौसम ने ली करवट, कोहरे के साथ बढ़ी गलन

## शनिवार को मौसम में गर्माहट के बाद रविवार को छाया कोहरा, कम रही दृश्यता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



घने कोहरे के बीच जाते दो पहिया वाहन चालक। ● अमृत विचार



ठंड की वजह से तांगे पर गर्म कपड़ों में लिपटे बैठे बुजुर्ग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मौसम पल-पल रंग बदल रहा है। शनिवार को धूप लिखने के बाद लोगों को राहत महसूस की। लेकिन रविवार को सुबह घना कोहरा छाने और शीतलहर ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन भर धूप नहीं निकलने की वजह से दिनचर्या प्रभावित रही। सड़कों पर सन्नाटे वाली स्थिति बनी रही। जरूरी काम के लिए लोग बाहर निकले। कृषि अधिकारियों ने दो से तीन दिन के अंदर बारिश होने की संभावना जताई है। इसके बाद ही ठंड से निजात मिल सकेगी। वहीं ठंड और शीतलहर के बीच अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

जनवरी माह बीतने जा रहा है, लेकिन अभी तक लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है। शनिवार को सुबह के समय घना कोहरा छाने के बाद 11 बजे से धूप निकली तो लोगों को लगा कि अब सर्दी से जल्दी ही निजात मिल जाएगी। दिन भर धूप खिली रही। लेकिन शीतलहर ने परेशान किया। शीतलहर के बीच खिली धूप की वजह से लोगों को अधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन शाम होने के साथ गलन बढ़ना शुरू हो गई। रविवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। दृश्यता भी काफी कम थी। लोगों को पचास मीटर तक दिखाई नहीं दे रहा था। चालक वाहनों की लाइट जलाकर चल रहे थे। रविवार को छुट्टी होने पर खराब मौसम की वजह से घरों से नहीं निकले। जरूरी काम होने पर ही वह घरों से निकले। लेकिन शीत लहर की वजह से जल्द ही उन्होंने घरों की ओर रुख कर लिया। शाम को फिर से घना कोहरा छा गया। कृषि अधिकारियों का कहना है कि ऐसी स्थिति दो से तीन दिनों तक बनी रहेगी। बारिश के बाद ही मौसम साफ हो सकेगा। वहीं कोहरा और ठंड के बीच तापमान में अब वृद्धि देखने को मिल रही है। शनिवार को धूप खिलने से अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। रविवार को कोहरा होने और शीतलहर चलने से अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की कमी रही। अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

▸▸ **बारिश का बन रहा मौसम, गलन से बढ़ी परेशानी, जगह-जगह जले अलाव**

### शेखूपुर चीनी मिल पर कोहरे की मार, किसान परेशान

**बदायूं।** बढ़ती जा रही ठंड और गलन से जहां आम आदमी परेशान है वहीं चीनी मिलों पर गन्ना पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच रहा है। किसान ठंड की वजह से गन्ने की कटाई नहीं कर पा रहे हैं मजदूर भी ठंड में काम नहीं कर रहे हैं। शेखूपुर चीनी मिल पर गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्रालियां दर्जनों के हिसाब से खड़े रहते थे। यहां तक कि मिल परिसर में जगह भी नहीं रहती थी। दिन रात मिल चलती थी। लेकिन इस साल काफी दिनों से ठंड ने आम जनमानस को परेशान कर दिया है। ठंड के कारण किसान खेतों में काम भी नहीं कर पा रहे हैं। किसान गन्ने की कटाई नहीं कर पा रहे हैं। ठंड में मजदूर भी नहीं मिल रहे हैं। किसानों का कहना है कि मौसम साफ हो तो गन्ने की कटाई की जाए। गलन बढ़ती जा रही है। सुबह से शाम तक कोहरे की चादर बनी रहती है। कोहरे में गन्ना काटना बेहद मुश्किल कार्य है। गन्ना छीलने वाले मजदूर बाहर से लाने पड़ते हैं। गलन अधिक होने से मजदूर गन्ना के छिलाई नहीं कर रहे हैं। उधर चीनी मिल शेखूपुर पर गन्ना कम पहुंच रहा है। हालांकि मिल निर्बाध रूप से चल रही है फिर भी गन्ना पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रहा है। शेखूपुर चीनी मिल का कोई क्रय केंद्र नहीं है। किसान सीधे गन्ना मिल पर ही डालते हैं। जबकि अन्य चीनी मिलों के क्रय केंद्र हैं।

## सोलर लाइट से रोशन होंगे जिले के 20 से ज्यादा गांव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **एक गांव में सोलर लाइट लगाने पर आएगा तीन लाख से अधिक का खर्च**

**अमृत विचार:** जिले के 20 से अधिक गांव सौर ऊर्जा लाइटों से रोशन होंगे। एक गांव में तीन लाख से अधिक लागत से सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। इसके लिए सिडको संस्था को नामित किया गया है। जिन गांवों में लाइट लगनी हैं। उन गांवों का चयन किया गया है। जिसके आदेश सीडीओ ने संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए हैं। जिससे कार्यदायी संस्था द्वारा जल्द लाइट लगाई जा सके।

अधिकांश गांवों में पोल लगने के साथ विद्युत लाइन को खींच दिया गया है, लेकिन पोलों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है। जिसकी वजह से शाम होते ही गांवों में अंधेरा छा जाता है। इसके चलते लोगों को रात के समय दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अंधेरा होने की वजह से लोगों के कामकाज प्रभावित हो जाते हैं। लेकिन जल्द ही उनकी यह समस्या दूर हो जाएगी। जिले के 20 से अधिक गांवों में आदर्श ग्राम योजना के तहत सौर ऊर्जा लाइट लगाई जाएगी। जिससे ग्रामीणों को रात के समय दिक्कतों का सामना न करना पड़े। एक गांव में करीब तीन लाख से अधिक धनराशि से सौर ऊर्जा लाइटें लगाई जाएंगी। शासन की ओर से करीब साठ लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। साथ ही लाइट लगाने का जिम्मा सिडको को सौंपा गया है। जिन गांवों में लाइट लगाई जाएंगीं। उनका चयन किया जा रहा है। इसके लिए सीडीओ केशव कुमार द्वारा समाज कल्याण विभाग को गांवों का चयन करने के आदेश दिए हैं। जिससे गांवों में लाइट लगाई जा सके। एक गांव में करीब तीन लाख से अधिक कीमत की लाइटों को लगाया जाना है। इन्हें ऐसे स्थानों पर लगाया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों को इनके लगने के बाद लाभ प्राप्त हो सके। इस संबंध में सीडीओ केशव कुमार ने बताया कि आदर्श ग्राम योजना के तहत सोलर लाइट लगाई जानी है। बजट मिल गया है। गांवों का चयन कर जल्द लाइट लगवा दी जाएंगी।

# शिकायतों के बाद भी गर्भवतियों की समस्याएं नहीं हो रहीं कम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **जिला महिला अस्पताल में आए दिन शिकायतें कर रहीं गर्भवती**

▸▸ **कार्रवाई के आश्वासन तक सीमित रह जाती हैं शिकायतें।**

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को सीधे भर्ती नहीं किया जाता है। उन्हें कई तरह के सवालों के जवाब देने पड़ते हैं। इसी तरह देहात क्षेत्रों में भी गर्भवती महिलाओं को प्रसव से पूर्व भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। शिकायत करने पर केवल कार्रवाई का आश्वासन दिया जाता है।

जिला महिला अस्पताल में महिला चिकित्सकों की मनमानी का आलम यह है कि यहां का स्टाफ सीएमएस का आदेश भी मानने को तैयार नहीं है। दिन में जब कोई गर्भवती महिला यहां पर भर्ती होने को आती है उसे तो भर्ती कर लिया जाता है मगर देर शाम को जब गर्भवती महिलाएं आती हैं तो उन्हें महिला चिकित्सकों की फटकार सुननी पड़ती है। गर्भवती महिलाओं से अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट मांगी जाती है। यदि उनके पास अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट नहीं होती है तो उन्हें भर्ती भी नहीं किया जाता है। महिला अस्पताल में हावी दलाल महिलाएं उन्हें प्राइवेट अस्पतालों में जबरन ले जाती हैं। इस धांधली की शिकायत एक संगठन ने जिलाधिकारी और मंडलायुक्त से भी की है। मगर अभी तक जांच के नाम पर केवल आश्वासन ही मिला है। जबकि एक अन्य मामले में प्रशासनिक जांच पूरी होने के बाद यहां से चार स्टाफ नर्स को हटाया गया है। उन चारों का एक-एक महीने का वेतन भी काटा गया है। फिर भी यहां की स्थिति वही ढाक के तीन पात वाली है।

उसहैत स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार को एक गर्भवती महिला तीन घंटे तक दर्द से तड़पती रही मगर स्टाफ नर्स ने उसे भर्ती नहीं किया जिससे महिला को नगर के ही एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला ने बच्ची को जन्म दिया। कुछ देर बाद बच्ची की मौत हो गयी। इस मामले की शिकायत भी पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी से करने की बात कही है। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर पर भी गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पर भी स्टाफ नर्स का सिक्का चलता है। वह किसी को भी हड़का देती है। शिकायत करने पर अधिकारी अनसुना कर देते हैं।

> स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ की कमी के कारण स्वास्थ्य केंद्रों पर शिकायतें मिलती हैं। सीमित स्टाफ है किसी को हटाने से पहले उस जगह पर किसे तैनात किया जाए यह सोचना पड़ता है। फिर भी निरीक्षण किया जाता है। स्वास्थ्य कर्मचारियों को हिदायत भी दी जाती है। कुछ शिकायतें भी निराधार होती हैं जबकि कुछ पर कार्यवाही भी होती है। -डॉ. अब्दुल सलाम खान - प्रभारी सीएमओ।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में 30 को होंगी एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं

**बदायूं, अमृत विचार:** एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में 30 जनवरी को बहेडी स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को फरवरी में गुजरात के अहमदाबाद में होने वाली जूनियर नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारी और जिला व्यायाम शिक्षक रामदास यादव ने बताया कि 30 जनवरी को बहेडी स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अंडर 14, 16 वर्ग के बालक, बालिकाओं की एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। इस प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले खिलाड़ियों को 19 वीं जूनियर नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। यह प्रतियोगिता 16, 17 , 18 फरवरी को अहमदाबाद गुजरात में आयोजित होगी। इच्छुक खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भाजपा पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ब्लॉक स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल नेता। ● अमृत विचार

▸▸ **ब्लॉक स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री से किए सवाल**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय आह्वान पर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में जनपद में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में चल रही ब्लॉक स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव तनवीर सफदर ब्लॉक सलारपुर के ग्राम चांदोरा से औरनागबाद माफी और उझानी ब्लॉक में ग्राम भैसोरा, कादरचौक ब्लॉक के ग्राम चमारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा।

प्रेमप्रकाश अग्रवाल ने आरोप लगाया कि न्याय यात्रा को रोकने के लिए असम सरकार ने कई तरह की साजिशें कीं। केंद्र सरकार के इशारे पर उसने लगातार व्यवधान डाला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पांच सवाल करते हुए कहा कि आखिर न्याय यात्रा से इतना डर क्यों है ? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बताएं कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए अब तक क्या किया ? किसानों के आत्महत्या के लिए कौन जिम्मेदार है? विशिष्ट अतिथि तनवीर सफदर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने कृषि बजट में कटौती की। किसान सम्मान निधि में से 2 करोड़ 29 लाख किसानों का नाम क्यों काट दिया गया ? प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों को मुआवजा देने के बजाय निजी कंपनियों के मुनाफा कमाने के पीछे किसका हाथ है?

इस दौरान गन्ना किसानों का मुद्दा उठाते हुए प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा कि गन्ने का मूल्य सिर्फ 20 रुपया बढ़ाया गया है, जो नाकाफी है। उन्होंने कहा जननायक राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हम सबको शामिल होकर उसे सफल बनाना है और लोकतांत्रिक विचारों की इस लड़ाई को जन-जन तक पहुंचाना है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा नीतीश को देख कर गिरगिट भी शर्मिंदा हैं, जनता माफ नहीं करेगी, भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को देखते हुए भाजपा बौखलाई हुई है। देश में कोई ऐसा बचा नहीं जिसे मोदी ने ठगा नहीं, किसानों की शहादत, बेवजह सैनिकों की शहादत, महिलाओं की रसोई से राशन छीन लिया, बहन बेटी बचाओ के नारे लगा कर उनकी इज्जत पर हमला यही लोग करते हैं नौजवानो से नौकरी के वादे किए और रोजगार छीन लिये। उन्होंने कहा सबकी उम्मीद राहुल गांधी से हैं।

शहर कांग्रेस कमेटी ने लोगो से आह्वान किया कि राहुल गांधी का ज्यादा से ज्यादा संख्या में समर्थन करते हुए 30 जनवरी को जनपद मुख्यालय होने वाली यात्रा समापन पर पहुंचे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान प्रदीप सिंह, सुनीता सिंह, विरेश तोमर, रफत अली, आकिल हुसैन, बाबू चौधरी, लाल मियां, ब्लॉक अध्यक्ष मोध्वराज राजपूत, धर्मेंद्र, ओमवीर शाक्य, सर्वेश, विरासत, अशोक कश्यप, इखलास हुसैन, वीरपाल यादव, सोमवीर, नत्थू आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।






# महर्षि कश्यप की प्रतिमा का किया अनावरण

संवाददाता, कछला



प्रतिमा को नमन करते सांसद व अन्य।

▸▸ **प्रतिमा अनावरण के दौरान आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप और अन्य लोग रहे उपस्थित**

**अमृत विचार:** नगर में महर्षि कश्यप सेवा समिति के तत्वावधान में महर्षि कश्यप की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसका रविवार को अनावरण किया गया। कार्यक्रम में आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप और अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का आरंभ करते हुये सांसद प्रतिनिधि एडवोकेट जितेन्द्र कश्यप ने कहा कि कछला में महर्षि कश्यप एवं उनकी पत्नी इला ने हजारों वर्ष पूर्व तपस्या की थी। इसलिए कश्यप और इला का अपभ्रंश ही कछला हुआ। प्रतिमा अनावरण के सैकड़ों की संख्या में साधु संत साक्षी बने। सभी ने प्रतिमा का माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि आंवला सांसद धर्मेन्द्र कश्यप ने कहा हम सभी महर्षि कश्यप की संतान हैं। हमें उनका गुणगान करना चाहिए। नगर में महर्षि कश्यप की प्रतिमा की मांग पिछले काफी समय से रही है। इस अवसर पर गाजियाबाद से पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, कासगंज के जिला पंचायत अध्यक्ष पति सतेन्द्र कश्यप उर्फ बॉबी, कश्यप निषाद सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप, प्रोफेसर सीपी सिंह कश्यप, प्रमोद इंटर कॉलेज सहसवान के प्रधानाचार्य राम सहाय बिंद, सभासद वीरेंद्र कश्यप, लक्ष्मण कश्यप, संजय कश्यप, गोविंद कश्यप आदि मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान ने गोशाला में नहीं रखे गोवंश, सीडीओ से शिकायत

संवाददाता, नूरपुर

**अमृत विचार :** छुट्टा गोवंश को ग्राम प्रधान ने गोशाला में रखने से इनकार कर दिया। किसानों ने चंदा एकत्र कर गोवंश को एक स्थान पर रखा है उन्हें चारा भूसा दिया जा रहा है।

कादरचौक क्षेत्र के ग्राम नूरपुर के लोगों का कहना है कि ग्राम प्रधान ने गोशाला में छुट्टा गोवंश रखने से मना कर दिया है। छुट्टा गोवंश खेतों में फसलों को नष्ट कर रहे हैं। इस समस्या से परेशान किसानों ने छुट्टा गोवंश को पकड़कर एक जगह पर रखा है जहां उनको खाने के लिए चारा, भूसा, पानी की व्यवस्था की है। ग्रामीण वीरपाल, जयपाल विजय सिंह, गफ्फार अली, मुन्ने, कमरूल, मोहम्मद आरिफ, बाबू, अफजाल, निसार अहमद, छोटे, चंद्रपाल, राम अवतार, सतपाल, नेमीचंद आदि ने सीडीओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार वीडीओ और प्रधान से शिकायत कर चुके हैं, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

**जागरुकता** डीएम ने जागरुकता एवं प्रचार-प्रसार एलईडी वैन का किया निरीक्षण

# वीवीपैट और ईवीएम का डेमो दिखाकर की मतदान करने की अपील

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



वीवीपैट और ईवीएम के डेमो का निरीक्षण करते डीएम मनोज कुमार।

**अमृत विचार:** आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत ईवीएम एवं वीवीपैट से संबंधित जागरुकता एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्रों में तीन एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। रविवार को जिलाधिकारी मनोज कुमार ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार पटेल के साथ राजकीय महिला महाविद्यालय में निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी की गई।

जिले की सभी विधानसभाओं में तीन एलईडी वैन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही वीवीपैट और ईवीएम के डेमो का भी प्रदर्शन किया रहा है। रविवार को राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में वीवीपैट और ईवीएम का डेमो दिखाया गया। जिससे मतदान के दौरान मतदाता भ्रमित न हों कि उनका मत ठीक जगह पड़ा है। डीएम मनोज कुमार और एडीएम वित्त एवं राजस्व ने कॉलेज में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा नवमतदाताओं को मतदान करने की अपील भी की गई। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं मतदान किया गया। मतदान की महत्ता के संबंध में उन्होंने उपस्थित जन सामान्य को अवगत कराया।

### डीईओ ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



वेयर हाउस का निरीक्षण करते डीएम।

**बदायूं।** समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश पटेल के साथ ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की मासिक बाह्य रूप से निरीक्षण किया। डीईओ ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस में समस्त व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने कार्यालय का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि पत्रावलियों को इंडेक्सिंग कर सुरक्षित किया जाए, साथ ही पटल पर वही पत्रावलियां रखी जाए, जिनका वर्तमान में प्रयोग किया जा रहा हो। कार्यालय के वेयर हाउस की सफाई कराने के लिए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया गया। कहा कि निष्प्रयोज्य अभिलेखों को नियमानुसार ब्रीड आउट किया जाए। इस अवसर पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी इंदु सक्सेना, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी रामकिशोर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह पटेल एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मनोज कश्यप, अभिषेक कुमार वर्मा, प्रवेन्द्र यादव, राकेश सोलंकी, अरविंद राठौर सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।




## एक नजर

### चोरी का आरोपी पकड़ा ई-रिक्शा बरामद

**बदायूं।** सदर कोतवाली क्षेत्र के छह सड़का निवासी वसीम पुत्र इस्माईल ने सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को अपना ई-रिक्शा चोरी होने की तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से पुलिस ई-रिक्शा चोरी करने वाले की तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस ने उझानी क्षेत्र के मोहल्ला नारायणगंज निवासी मनीष यादव पुत्र राजीव यादव को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी किया हुआ ई-रिक्शा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2015 में छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है। गिरफ्तारी करने वालों में उपनिरीक्षक विनोद कुमार द्विवेदी, कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी व भूपेश चौधरी रहे।

### बिना बताए कमरे से गया छात्र लापता



**उझानी।** आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज का छात्र लापता हो गया। छात्र के पिता ने तहरीर दी है। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव मोहम्मद नगर सुलरा निवासी मनीराम कश्यप ने तहरीर देकर बताया कि उनका 19 साल का बेटा सचिन बाइपास स्थित आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज का छात्र है। वह कस्बा उझानी में कमरा लेकर रहता है। जो 27 जनवरी को कमरे से चला गया था। अपना मोबाइल फोन कस्बा के मोहल्ला किला खेड़ा निवासी राजेंद्र शर्मा के पास छोड़ गया था। जिसके बाद से उसका पता नहीं चला है।

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीया जलाने पर मारपीट

**बदायूं।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन शाम आठ बजे थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव बरचऊ निवासी सहीराम का बेटा बागेश घर के बाहर दीया रख रहा था। इसी दौरान गांव निवासी सौरभ और अजीत ने उसे लाठी-डंडों से पीटा। अब हमलावर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सहीराम ने पुलिस को तहरीर दी। दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# शासन की मंजूरी के बाद सीवर लाइन प्रोजेक्ट को बजट मिलने में फंसा पेच

## शहरवासियों को जल्द साकार होता नहीं दिख रहा सीवर लाइन पड़ने का सपना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



शहर में चोक नाला। ● अमृत विचार

- शासन द्वारा 4.13 करोड़ के प्रस्ताव को दी थी मंजूरी, जमीन खरीद के लिए धनराशि पड़ी कम
- कार्यदायी संस्था द्वारा जमीन खरीदने के लिए बजट की मांग करते हुए दोबारा भेजा प्रस्ताव
- सीवर लाइन डालने के लिए जल निगम शाहजहांपुर को मिला है काम

**अमृत विचार:** शहर के लोगों के लिए सीवर लाइन किसी सपने से कम नहीं रह गई है। मंजूरी मिलने के बाद किसी न किसी वजह से रोडा अटक जाता है और काम शुरू नहीं हो पाता है और बजट वापस हो जाता है। इस बार भी कुछ ऐसा होता नजर आ रहा है। लागत अधिक होने की वजह से शासन द्वारा भेजी गई धनराशि कम पड़ गई। जो जमीन की खरीदने के लिए पर्याप्त नहीं है। अब कार्यदायी संस्था द्वारा बजट की मांग करते हुए दोबारा प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। जिससे वर्तमान दरों पर जमीन को खरीदा जा सके। लेकिन वित्तीय वर्ष समाप्त होने में मात्र दो माह का ही समय शेष है। ऐसे में धनराशि मिलना मुश्किल है और जो बजट मिला है वह भी वापस होने की अधिक संभावना है।

शहर में सीवर लाइन डालने की मांग लोग लंबे समय से करते आ रहे हैं। शहर के लोगों की मांग को देखते हुए शासन की ओर से बीते वर्ष दिसंबर में सीवर लाइन डालने को मंजूरी प्रदान की। इसके लिए शासन की ओर से 4.13 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए 40 लाख रुपये भी आवंटित कर दिए। प्लांट लगाने के लिए मीरा सराय में करीब ढाई हेक्टेयर जमीन देखी गई थी। लेकिन जमीन खरीद को लेकर पेच फंस गया। असल में यह जमीन वर्ष 2021 में देखी गई थी, लेकिन बजट के अभाव में उस दौरान इसे खरीदा नहीं जा सका। अब चूंकि मंजूरी मिल चुकी है और खरीदने के लिए धनराशि भी मिल गई। लेकिन वर्तमान दरों की वजह से मिली धनराशि कम है। ऐसी स्थिति में कार्य शुरू नहीं सका। पालिका ईओ के अनुसार मिली धनराशि कम है। जिससे जमीन वर्तमान दरों पर नहीं खरीदी जा सकती। धनराशि की मांग करते हुए दोबारा से प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद ही जमीन को खरीदा जा सकेगा। ऐसे में सीवर लाइन पड़ने का सपना शहर के लोगों के लिए जल्द पूरा होता नहीं दिख रहा है।

> सीवर लाइन डालने के लिए शासन की ओर से 4.13 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। प्लांट लगाने के लिए मीरा सराय में जो जमीन देखी गई है। वर्तमान दरों के चलते जमीन खरीद करने के लिए बजट कम है। ऐसी स्थिति में दोबारा से प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। बढ़े हुए बजट को मंजूरी मिल जाती है तो काम जल्द शुरू हो जाएगा।
> -रामजीलाल, सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी ईओ

## पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला न्यू आदर्श नगर निवासी दीक्षा ने तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2014 में उनकी शादी बाइपास स्थित काशीराम आवास रहने वाले अमित पुत्र जगदीश के साथ हुई थी। वर्तमान में ससुरालीजन शहर के एसके फील्ड के पास रहते हैं। शादी के बाद ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में कार की मांग करने लगे।

मांग पूरी नहीं होने पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। लगभग दो साल पहले ससुरालीजनों ने मारपीट की। उसने अपने माता-पिता को सूचना देकर बुलाया तो ससुरालीजनों ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया और उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि बीते साल 15 अक्टूबर को वह बाजार से पैदल जा रही थी। ससुरालीजनों ने उसे रास्ते में घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि पति ने दुपट्टा से उनका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी पति अमित, सास मुन्नी देवी, राकेश, मुकेश और रेखा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# दो परिचालकों की संविदा समाप्त, 15 का कटा मानदेय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- लगातार चल रहे थे अनुपस्थित परिवहन निगम को हो रहा था नुकसान

**अमृत विचार :** रोडवेज बसों के संचालन में लापरवाही करने वाले संविदा चालक और परिचालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। केंद्र प्रभारी की रिपोर्ट पर जनवरी में ही पांच चालकों की संविदा समाप्त की गई थी। अब अनुपस्थित रहने पर दो संविदा परिचालकों की सेवा समाप्त करते हुए उनकी प्रतिभूति जब्त की गई है।

परिवहन निगम के संविदा परिचालक रवि कुमार पुत्र हरिहर प्रसाद एक जनवरी 2023 से अनुपस्थित चल रहे हैं। संविदा परिचालक रक्षपाल 2 सितंबर 2023 से अनुपस्थित चल रहे हैं। संचालन के केंद्र प्रभारी ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के समक्ष अपनी रिपोर्ट दी थी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने जांच कराई तो पता चला कि दोनों संविदा परिचालक अनुपस्थित रहने के आदी हैं। जिनकी वजह से डिपो से रोडवेज बस का संचालन कार्य प्रभावित हो रहा है। दोनों परिचालकों की प्रतिभूति जब्त करते हुए संविदा सूची से नाम कटवाने का आदेश दिया है। वहीं बहुत सी रोडवेज बसों के परिचालक रास्ते में लोगों को बैठाने में परहेज करते हैं। जिसकी वजह से निगम को नुकसान हो रहा है। आय गिर रही है। जिसके चलते परिवहन निगम के 15 संविदा परिचालकों के मानदेय में कटौती की है। बिजनेश कुमार, राजेश कुमार, रंजीत सिंह, अरविंद कुमार, सुशील कुमार शर्मा, सचिन कुमार सिंह और नियमित परिचालक गुलशन आर्य का सौ-सौ रुपये मानदेय काटा गया है। इनके अलावा शाहबाज खान, अतुल कुमार, सचिन सक्सेना, मदन कुमार, अभिषेक प्रकाश, नियमित परिचालक नीरज कुमारी के मानदेय से 150-150 रुपये और अनुज राठौर व कुलदीप के मानदेय में 200-200 रुपये की कटौती हुई है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक डीके चौबे ने बताया कि रोडवेज बसों के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। अनुपस्थित रहने की वजह से कार्रवाई की गई है।

# भाकियू चढ़ूनी गुट की 1 फरवरी को बिल्सी में पंचायत, उठेंगे कई मुद्दे

संवाददाता, बिल्सी




बैठक में बात करते भाकियू चढ़ूनी गुट के नेता। ● अमृत विचार

- किसानों की समस्याओं का उठेगा मुद्दा, बड़ी संख्या में जुटेंगे किसान

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट की बैठक रविवार को तहसील परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में तहसील अध्यक्ष नन्नू सैफी ने कहा कि एक फरवरी को मासिक पंचायत तहसील परिसर में ही आयोजित की जाएगी। इस मासिक पंचायत में इस बार किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस समय किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या छुट्टा गोवंश को लेकर है। छुट्टा गोवंश खेतों में फसलों को उजाड़ रहे हैं जिससे किसानों को भारी क्षति हो रही है। शासन स्तर से गोवंश को गोशालाओं में रखने के निर्देश दिए गए हैं फिर भी जिला प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा है। कोषाध्यक्ष रहीस अहमद मलिक ने कहा कि मासिक पंचायत के लिए गांव-गांव संपर्क किया जा रहा है। किसानों को भारी संख्या में एकजुट होने का आह्वान किया गया है।

बिल्सी नगर अध्यक्ष आरिफ रजा ने कहा कि किसानों के प्रति प्रशासन का रवैया ठीक नहीं है इसलिए किसानों की मांगें नहीं मानी जा रहीं हैं। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने किसानों की समस्या को मासिक पंचायत में उठाने की बात कही है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से कहा है कि एक फरवरी को तहसील परिसर में होने वाली मासिक पंचायत की बड़े पैमाने पर तैयार की गयी है। मासिक पंचायत के बाद जिला प्रशासन को छह सूत्रीय ज्ञापन दिया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहेंगे।

## दस बजे से खुलेंगे 12वीं तक के स्कूल

**बदायूं, अमृत विचार:** लंबे समय से बंद चल रहे परिषदीय स्कूल सोमवार से खुल जाएंगे। स्कूल सुबह दस बजे से खुलेंगे और तीन बजे छुट्टी होगी। जिसके निर्देश डीएम ने जारी किए हैं।

एक जनवरी से 15 जनवरी तक परिषदीय स्कूलों की छुट्टियां रहीं। इसके बाद शीतलहर और ठंड की वजह से प्रशासन द्वारा कक्षा एक से आठ तक सभी स्कूल बंद कर दिए गये। 22 जनवरी को शासन के आदेश पर सभी स्कूलों को खोला गया। लेकिन कड़ाके की सर्दी के बीच छोटे बच्चे कांपते हुए स्कूल पहुंचे थे। अभिभावकों को भी बच्चों के लिए स्कूल छोड़ने जाने के समय काफी दिक्कत हुई। इसके बाद डीएम के आदेश पर 27 जनवरी तक स्कूल बंद हो गए। लंबे समय से स्कूल बंद रहने की वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसी स्थिति को देखते हुए डीएम ने सभी बोर्ड के स्कूलों को खोलने के आदेश दिए हैं। स्कूल सुबह दस बजे से खुलेंगे। तीन बजे छुट्टी होगी। डीएम ने कहा कि ड्रेस को लेकर बच्चों को परेशान नहीं किया जाएगा।

# नहीं मिल रही बिजली, किसान परेशान

संवाददाता, दबतरा

**अमृत विचार :** बिसौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परसिया में दिन के समय में बिजली न मिलने से किसान परेशान हैं। बिजली नहीं मिलने से किसान खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

किसानों का कहना है कि परवेज नगर बिजलीघर के कर्मचारी पूरी तरह मनमानी के साथ कार्य कर रहे हैं। वह लोग विभाग का कोई आदेश मानने को तैयार नहीं हैं।

शेड्यूल के अनुसार देहात क्षेत्र में 18 घंटे बिजली दी जानी चाहिए, लेकिन यहां बिजली का कोई शेड्यूल नहीं है। किसानों को रात्रि के समय में 4 से 5 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। जिससे किसानों की न तो आलू की फसल को पानी मिल पा रहा है गेहूं में। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि हम लोगों ने अधिशासी अभियंता से लेकर शासन प्रशासन को भी ज्ञापन दिए, लेकिन विद्युत सप्लाई में सुधार नहीं हुआ। कुछ समय पहले परसिया के कुछ किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था। उसके बाद किसान मजदूर संगठनों ने अधिशासी अभियंता विद्युत बिसौली को ज्ञापन दिया था, उसके बाद भी किसानों को बिजली नहीं मिली, जिससे किसानों के आलू की फसल की सिंचाई समय पर नहीं हो पा रही है। किसानों ने प्रदेश सरकार से गुहार की है कि बिसौली आलू का क्षेत्र है जिसमें लगभग 70 प्रतिशत आलू की पैदावार होती है। आलू की सिंचाई रात में नहीं की जा सकती, दिन में ही की जाती है इसलिए दिन में पर्याप्त बिजली दी जाए।



दिन के समय में बिजली न आने से क्षेत्र के किसानों को आलू की फसल में लाखों रुपए का नुकसान है किसानों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। क्षेत्रीय नेता भी इस बात को सुनने को तैयार नहीं हैं। बिजली विभाग को शासन का भी भय नहीं है
-दिलीप कुमार।



बार-बार ज्ञापन देने व प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद विद्युत विभाग अपनी मनमानी पर उतर आया है। सरकार से मांग है कि किसानों के हित में ऐसे विद्युत कर्मचारियों के खिलाफ ठोस कदम उठाते हुए कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।
नरेश पाल सिंह।



बिसौली क्षेत्र पूर्ण रूप से आलू का क्षेत्र है, जहां आलू की ही फसल होती है। दिन में बिजली न मिलने से आलू की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। कोहरे के कारण आलू की फसल को भारी नुकसान हो रहा है।
-सुनील कुमार सिंह।



दिन के समय में बिजली न होने से फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। हम शासन से मांग करते हैं की विद्युत घर परवेज नगर से दिन के समय में विद्युत सप्लाई दिलाई जाए जिससे किसान फसलों की सिंचाई कर सकें।
- रविंद्र सिंह।

# वैन गांव में गंदगी को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिल्सी



प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- लंबे समय से गांव की नहीं हो रही सफाई, संक्रामक रोग फैलने का है खतरा

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव वैन के लोग लंबे समय गंदगी और जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। समस्याओं का निदान न होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और ब्लॉक के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। गांव में लंबे समय से सफाई न होने से गांव में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बना हुआ है।

रविवार को गांव के लोगों ने एकत्रित होकर अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों ने बताया कि लंबे समय से गांव की कई सड़कों पर जलभराव की समस्या बनी रहती है। लंबे समय से सफाई नहीं कराई गई। सड़कों पर हमेशा दूषित जल भरा रहता है। जिसके कारण गांव में संक्रामक रोगों ने पैर पसारने शुरू कर दिए है। वहीं नालियां भी कीचड़ से भरी हुई हैं, जिसमें तमाम प्रकार के कीटाणु पनप रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान ने गांव में नियमित ढंग से सफाई नहीं कराई है। जिसके कारण गंदगी की समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। कई बार तहसील एवं ब्लॉक अंबियापुर के अधिकारियों को अवगत कराया है। मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शन कर रहे सम्राट सेना प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील शाक्य, गेदनलाल शाक्य, भजनलाल शाक्य, उपेन्द्र शाक्य, राकेश शाक्य, धर्मेंद्र, रमेश कश्यप, गंगसिंह, सीन मोहम्मद, अमुरुद्दीन, टिंकु यादव आदि ने डीएम से गांव की समस्या दूर कराए जाने की मांग की है।

# मायके पहुंची महिला के भाइयों ने बहनोई को घेरकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बहन को सही से न रखने पर बहनोई को दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार :** पति से विवाद के बाद महिला मायके चली गई। महिला के दो भाइयों ने अपने बहनोई को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से मारपीट की। अपनी बहन को सही से न रखने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी दोनों सालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई सराय निवासी गुलफाम अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका निकाह लगभग एक साल पहले मोहल्ला निवासी सनोवर के साथ हुआ था। 20 जनवरी को किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया था। नाराज होकर पत्नी अपने मायके चली गई थी। वह 26 जनवरी को रात लगभग साढ़े 8 बजे अपनी मां सगीरा बी, बहन फरीन के साथ रिश्तेदार इमरान के घर से अपने घर पैदल जा रहे थे। रास्ते में शहबाजपुर रोड पर उनके साले निहाल, मुनाजिर पुत्र सल्लन खां लाठी-डंडे लेकर मिले। गाली-गलौज शुरू कर दी। बहन को तंग करने का आरोप लगाते हुए लाठी से पीटने लगे। मां और बहन ने बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की की। धमकाया कि अगर उनकी बहन को सही से नहीं रखा तो जान से मार देंगे। पुलिस ने आरोपी निहाल और मुनाजिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## लालच देकर बनाया किन्नर, बधाई मांगने की बात पर धमकाया

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा सखानू के रहने वाले मोहम्मद आसिब उर्फ हिना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि लगभग एक महीने पहले उसे किन्नर बनने का लालच दिया गया था।

आरोपी ने कहा था कि अगर वह किन्नर बन जाए तो उसे 50 हजार रुपये मिलेंगे। संजरपुर से कुलचौरा तक के इलाके में बधाई ले सकता है। वह किन्नर बनने को तैयार हो गए। उन लोगों ने उसे 50 हजार रुपये दिए। उसका लिंग परिवर्तन करा दिया। वह स्वस्थ्य होकर लिंग परिवर्तन कराने वाले किन्नर के पास बधाई मांगने की इजाजत मांगने गया तो उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कटिन्ना बरचऊ की पंचायत सहायक की संविदा होगी खत्म

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जांच के बाद डीपीआरओ ने प्रधान को दिया कार्रवाई का आदेश

**अमृत विचार:** कुछ दिनों पूर्व कादरचौक ब्लॉक की एक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक द्वारा शौचालय और आवास के नाम पर लाभार्थी से रुपये लेने का वीडियो वायरल हुआ था।

सीडीओ ने डीडीओ को जांच के आदेश दिए। जांच के दौरान पता चला कि वायरल वीडियो ग्राम पंचायत कटिन्ना बरचऊ का है। डीडीओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी और सहायक पंचायत अधिकारी को नोटिस जारी कर उनका जवाब तलब कर लिया। जिस पर सचिव ने रुपये लिए जाने की जानकारी न होने की बात कही। वहीं पंचायत सहायक द्वारा भी रुपये लिए जाने की जानकारी सचिव को न होने की बात कही थी। साथ ही बताया कि यह रुपये गोवंशों के भूसे के लिए गांव के लोगों ने स्वेच्छा से दिए थे। इधर डीपीआरओ द्वारा बीडीओ स्तर से इसकी जांच कराई गई। दोनों ही अधिकारियों की जांच के दौरान सहायक पंचायत दोषी मिली है। इस पर डीपीआरओ ने ग्राम प्रधान को आदेश दिया है कि खुली बैठक में प्रस्ताव पास कर सहायक पंचायत की संविदा समाप्त की जाए।

> रुपये लेने का वीडियो वायरल हुआ था। जांच में सहायक पंचायत दोषी मिली है। उसकी संविदा समाप्त करने के आदेश ग्राम प्रधान को दिए हैं। बैठक में प्रस्ताव पास कर उसकी संविदा को समाप्त कर दिया जाएगा।
> -श्रेया मिश्रा, डीपीआरओ।

## जिला अपराध निरोधक कमेटी ने बंदियों को बांटे फल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर जिला कारागार में आयोजित कार्यक्रम में बंदियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। वहीं जिला अपराध निरोधक कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा बंदियों को फल वितरित किए गए। बंदियों ने देशभक्ति गीतों पर जमकर डांस किया। एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया।

जिला अपराध निरोधक कमेटी के सचिव डॉ. मनवीर सिंह, सह सचिव जमील खां, मीडिया प्रभारी मोहम्मद शमसुद्दीन शम्स ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अनिक के मीडिया शमसुद्दीन शम्स ने 26 जनवरी पर नज्म सुना कर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद अपराध निरोधक कमेटी के सचिव डॉ मनवीर सिंह, सहसचिव जमील खान एडवोकेट, रोहताश कुमार, एडवोकेट सुभाष चन्द्र शर्मा ने कारागार में निरुद्ध बंदियों को फल वितरित किए। इस मौके पर कारागार अधीक्षक डॉ विनय कुमार, जेलर रणंजय सिंह, जिला जेल के डॉक्टर, उप कारापाल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व अन्य नेता।

- महिला सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री के प्रयास सराहनीय

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 109 वें संस्करण को दातागंज विधानसभा के समरेर मंडल के गांव बझेड़ा के बूथ संख्या-43 पर कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने सुना। जिले भर में जगह-जगह मन की बात जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने सुनी।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों के ऐसे प्रयासों को सामने लाया जा रहा है, जो निस्वार्थ भावना के साथ समाज और देश को सशक्त करने का काम कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में काफी तेजी से कार्य हुए हैं। मन की बात कार्यक्रम सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने सिविल लाइन मंडल में, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने बिल्सी ग्रामीण में, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने नगर पालिका दातागंज में सुना। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र गुर्जर, कालीचरण, विनेश, अशोक राठौर, रमेश आदि रहे।

### भाजपाइयों ने देखा मन की बात कार्यक्रम

**बिसौली ।** भाजपाईयों ने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन का पूरी दुनिया लोहा मानती है। अक्कू रस्तोगी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा चार सौ से अधिक सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल करेगी। इस मौके पर संगीता रस्तोगी, गणेश वार्ष्णेय, प्रवेश सिन्हा आदि भाजपाई उपस्थित रहे।

## विधायक ने ग्रामीणों संग देखा कार्यक्रम

**बिल्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात 109वें संस्करण का रविवार को प्रसारण हुआ। विधायक हरीश शाक्य ने ग्राम पंचायत रोहन के बूथ संख्या 127 में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम को देखा। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात का कार्यक्रम सदैव ही प्रेरक व सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाला होता है।



मन की बात कार्यक्रम देखते बिल्सी विधायक हरीश शाक्य।

एक नजर

### कथा सुनने से होता है पाप का नाश

**कादरचौक।** कस्बा कादरचौक में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा जाहरवीर देवी मंदिर तक पूरे गांव में घूमती हुयी मंदिर पर सम्पन्न हुयी। कलश यात्रा में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां पर श्रीमद् जाहरवीर भागवत सप्ताह कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक वीरेशनाथ ने कहा कि जिस स्थान पर कथा होती है वहां पाप स्वतः नष्ट हो जाते हैं। इस मौके पर उमेश चंद्र गुप्ता, नरेश चंद्र गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, गिरीश गुप्ता, चंदन गुप्ता, मोहित गुप्ता आदि रहे।

### प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के खिलाफ टिप्पणी, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** थाना उसहैत क्षेत्र के वार्ड पांच निवासी टिंकू राठौर ने तहरीर देकर बताया कि गांव भुंडी निवासी निशरत खान ने सोशल साइट के अपने एकाउंट पर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को लेकर अभद्र टिप्पणी शेयर की। वीडियो बनाकर अपलोड किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धमकाने, सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की है।

# 15 वर्ष की उम्र में बने थे स्वतंत्रता सेनानी बेटे ने पुस्तक में लिखी संघर्ष की कहानी

## स्वतंत्रता आंदोलन में गुराई निवासी पतंजलि ने लिया था हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले के गांव गुराई निवासी पतंजलि शर्मा ने वर्ष 1942 में 15 साल की उम्र में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। तीन सप्ताह तक जेल में रहे। अंग्रेज सरकार ने उन्हें हिस्ट्रीशीटर घोषित किया जो 10 साल तक चली। जिसके बाद वह लेफ्टिनेंट कर्नल पद से सेवानिवृत्त हुए। देश के लिए उनके योगदान को कविताओं में पिरोते हुए उनके बेटे ऋषि कुमार शर्मा उर्फ च्यवन ने एक पुस्तक अप्रतिम देशभक्त कर्नल पतंजलि शर्मा लिखी है। रविवार को जेल में पुस्तक का विमोचन किया गया। काव्यपाठ में कवियों ने अपनी रचनाएं पढ़ीं। जेल के बंदियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



जेल में पुस्तक का विमोचन करते जेल के अधिकारी और कवि। ● अमृत विचार

कवि ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि उनके पिता ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर 14 साल तक प्रांतीय चिकित्सा सेवा की। उन्होंने पदोन्नति नहीं ली। देश सेवा के लिए वह 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद सैन्य चिकित्सा सेवा में लेफ्टिनेंट के पद पर चले गए। 17 साल के बाद वह सेवानिवृत्त हो गए थे। उनकी याद में कई कवियों ने कविताएं लिखीं। जिन्हें पुस्तक में संजोया गया है।

जेल में काव्यपाठ के दौरान जेल अधीक्षक डॉ. विनय कुमार ने कहा ऐसे कार्यक्रमों से बंदियों

**▶▶ जेल में हुआ पुस्तक का विमोचन कवियों ने सुनाईं रचनाएं**

और कैदियों की विचारधारा में परिवर्तन होता है। जेलर कुंवर रणंयज सिंह ने कहा कि जेल प्रशासन बंदियों के व्यवहार में परिवर्तन की दिशा में काम कर रहा है। जिससे वह समाज की मुख्य धारा से जुड़कर गलत राह छोड़ेंगे। हरीश कुमार यमदूत, पंडित साहित्य कुमार चंचल, सतीश दीक्षित, गीता शर्मा, विनोद कुमार सक्सेना उर्फ विन्नी, षट्वदन शंखधार, उन्नति शर्मा, कमल कांत तिवारी, भारत शर्मा, राजीव गोस्वामी, प्रदीप द्विवेदी ने अपनी कविताओं से बंदियों का मनोरंजन किया। डिप्टी जेलर कमलचंद, कृष्ण गोपाल शर्मा मौजूद रहे।

### बाबा इंटरनेशनल में हुई स्कॉलरशिप परीक्षा

**बिल्सी, अमृत विचार:** नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पीजी से 9 एवं 11 तक के विद्यार्थी शामिल थे। टेस्ट उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी उसी दिन प्रवेश लेता है और पूरे वर्ष का शुल्क एक साथ जमा करता है तो उसका रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश शुल्क माफ कर दिया जायेगा एवं किताबें फ्री दी जायेंगी। विद्यालय के डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि विद्यालय हर साल स्कॉलरशिप टेस्ट कराता है जिससे जो बच्चे अपने सपने साकार नहीं कर पाते हैं। अगला स्कॉलरशिप टेस्ट चार फरवरी को आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिले के किसी भी स्कूल के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।



स्कॉलरशिप परीक्षा देते छात्र।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



प्रतियोगिता जीतने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते आशीष यादव। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गांव मुजाहिदपुर के सियाराम अनोखी देवी मेमोरियल विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष यादव एवं राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतर सिंह पाल रहे। प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए छात्रों को बैट-बॉल और डॉक्यूमेंट फाइल उपहार स्वरूप आशीष यादव ने दी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों का मानसिक विकास होता है। अतर सिंह पाल ने बच्चों को नई शिक्षा नीति के बारे में बताया तथा बच्चों से कहा कि आप हर परिस्थिति में आगे बढ़ें, पढ़ाई में सबसे आगे होना चाहिए, आज के समय में शिक्षा का सबसे ज्यादा महत्व है। उन्होंने कहा कि गांव के लोग अपने बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए स्कूल अवश्य भेजें। कार्यक्रम का संचालक स्कूल के प्रबंधक चरण सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव युवा मोर्चा प्रदीप पाल, अवनीश पाल आदि रहे।

# गर्वित फेयरवेल किंग, सामिया बनीं क्वीन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मदर एथीना स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में तनाव से दूर रखते हुए परीक्षा में शामिल होने के उद्देश्य से फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिससे छात्र-छात्राएं बिना किसी दबाव के उत्साह और उमंग के साथ किसी पर्व व त्योहार समान ही परीक्षा को लें। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने सीनियर्स को शुभकामनाएं दीं और उपहार भेंट किए। शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल के हेड ब्वाय अनंत कुमार ने यादगार पलों का वर्णन किया। इस दौरान वह भावुक हो गए। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने परीक्षा में बेहतर करने के लिए टिप्स और संदेश दिए। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सहपाठी और शिक्षकों के साथ सेल्फी ली। गर्वित माहेश्वरी को फेयरवेल किंग और सामिया मुजाहिद को फेयरवेल क्वीन चुना गया।



फेयरवेल क्वीन को बुके देतीं प्रधानाचार्य पवित्रा यादव। ● अमृत विचार

**▶▶ मदर एथीना स्कूल में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने सीनियर्स को दीं शुभकामनाएं।**



कार्यक्रम में सेल्फी लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

प्रधानाचार्य पवित्रा यादव ने दोनों को सम्मानित किया। स्कूल की निदेशक चयनिका सारस्वत ने बोर्ड परीक्षा को लेकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ईमानदारी, मेहनत और लगन के साथ जीवन के उद्देश्य को प्राप्त करके जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन करने को कहा।

# बुद्धिमान भगवान को खोजता है और मूर्ख दौलत को



भगवान राम के जन्म की कथा सुनाते समदर्शी महाराज रवि जी। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** राम सेवा आश्रम पर चौथे दिन राम कथा के दौरान श्री रामलला के जन्म का वृतांत सुनाया गया।

रविवार को श्री राम लला के जन्म की कथा सुनाते हुए समदर्शी महाराज रवि जी ने कहा कि आज के युग में भगवान राम जैसा पुत्र सभी चाहते हैं। उनकी अच्छाइयों के कारण तीनों जगत में वह प्रसिद्ध हैं( सभी को उन्हें अपना आदर्श मानना चाहिए।

उन्होंने कहा बुद्धिमान व्यक्ति भगवान को खोजता है और मूर्ख व्यक्ति दौलत के पीछे भागता है। इस मौके पर विष्णु गुप्ता, महेंद्र सक्सेना एडवोकेट, ओमवीर यादव, राजकुमार शर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, विकास चौहान, नमन सैनी, राहुल अग्रवाल, मोहित प्रभाकर, अजय पाल यादव, उत्पल सक्सेना, दिव्यांश मिश्रा, अलंकार, अरविंद शर्मा, संजीव वर्मा, विजय शर्मा, कमलेश मिश्रा आदि रहे।

# न्यारा वतन सबसे प्यारा वतन यह हिन्दोस्तां है हमारा वतन...

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद प्रांगण में कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया। कवियों व शायरों ने देश प्रेम की रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें श्रोताओं द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशा राठौर ने की। कार्यक्रम का आरंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित करके किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना उज्जवल वशिष्ठ ने व नात-ए-पाक अहमद अमजदी ने पढ़ी। तत्पश्चात महेश मित्र ने पढ़ा-जिस देश में हमने जन्म लिया जिस देश में हमको मरना है, उस देश के राष्ट्रीय पर्वों का हमको अभिनन्दन करना है।

कार्यक्रम के संयोजक साहित्यकार अशोक खुराना ने पढ़ा -अपने भारत देश में, अर्थ युक्त त्योहार, देश प्रेम का ही सदा हमको रहे खुमार। खालिद नदीम ने पढ़ा -न्यारा वतन सबसे प्यारा वतन, यह हिन्दोस्तां है हमारा वतन। शैलेन्द्र मिश्रा देव ने पढ़ा - भूलकर मतभेद चलना भी वतन से प्यार है, साथ में मिलजुल के रहना भी वतन से प्यार है। समर बदायूंनी ने पढ़ा -''समर'' दिल का हमारे कोई भी खाना नहीं खाली, हम अपने दिल के हर खाने में हिन्दुस्तान रखते हैं। शमसुद्दीन शम्स ने पढ़ा - ऊंचा तेरा मुकाम है छब्बीस जनवरी, तुझको मेरा सलाम है छब्बीस जनवरी।




मंच पर कविता पाठ करते कवि अशोक खुराना। ● अमृत विचार

**▶▶ नगर पालिका परिषद में देर रात तक श्रोताओं ने सुनीं कविताएं**

इनके अतिरिक्त प्रो. मनवीर सिंह, असरार मुजतर, बालकवि अरुण सिंह, ललितेश ललित, चन्द्रपाल सिंह सरल, अरविंद धवल, डॉ. नासिर, अक्षत अशेष, मोहम्मद सगीर, अमन शर्मा, अय्यूब बदायूनी, राजवीर सिंह तरंग, जयवीर चन्द्रवंशी आदि ने काव्यपाठ किया। कार्यालय अधीक्षक रजनीश शर्मा ने कवियों व शायरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संचालन भूराज सिंह लायर ने किया।

### स्कूल जा रही छात्रा से छेड़छाड़

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा हाईस्कूल में है। वह रोज साइकिल से स्कूल जाती है। शनिवार सुबह वह अपनी सहेलियों के साथ साइकिल से जा रही थी। रास्ते में टेंपो चालक ने उसका पीछा किया। सूनसान जगह पर टेंपो रोककर छेड़छाड़ करने लगा। छात्राओं ने शोर मचा दिया। राहगीर रुके तो चालक टेंपो छोड़कर भाग गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। टेंपो को थाने ले गए। छात्रा ने टेंपो चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# एकता का प्रतीक है रमजानपुर का मेला

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम रमजानपुर में हजरत गूंगे शाह की दरगाह पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले की पहचान सैकड़ों साल पुरानी है। इस दरगाह की मान्यता है कि जो मन्नत मांगता है वह अवश्य पूरी होती है। मन्नत पूरी होने पर इन्हीं दिनों में लोग मजार पर आते हैं और चादर प्रसाद चढ़ाते हैं।

रमजानपुर निवासी अखलाक अहमद, जज तुफैल अहमद, जिलेदार कदीर उद्दीन, दरोगा मुश्ताक अहमद आदि ने मिलकर 104 बीघा वक्फ की जमीन हजरत गूंगे शाह दरगाह के नाम कर दी। दरगाह के सामने टीले पर ही दरोगा हबीब अहमद प्रधान ने मस्जिद की तामीर कराई। जिले के रमजानपुर का प्राचीन, ऐतिहासिक मेला व नुमाइश और उर्स इसी स्थल पर लगभग 45 दिन तक लगता है, जिसमें दूर दराज से कालीन व दरियों के दुकानदार आते हैं। वह



मेले में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

अपना सामान ट्रकों से लाते हैं। लकड़ी और बांस के सामान के व्यापारी खरीद फरोख्त करने आते हैं। वर्षों से पशुओं का नखासा भी लगता रहा है। महिलाओं के लिए भव्य मीना बाजार लगता है। मशहूर कव्वालों की भी आमद होती है, जो ठिलिया (गागर) के साथ भी चलते हैं। रमजानपुर का प्राचीन ऐतिहासिक मेला व उर्स धार्मिक और व कौमी एकता का प्रतीक है। यह मेला 140 वर्षों से लगता आ रहा है। मेले में बदायूं के आस पड़ोस के जनपदों के लोग, जायरीन काफी तादाद में शिरकत करते हैं। माह के पहले रविवार को रमजानपुर के गूंगे शाह मेले में ठिलिया उठने का रिवाज है। मुस्लिम लोग बड़ी दूर से यहां आकर चादर चढ़ाते हैं और मन्नतें मांगते हैं, जिसकी मन्नत पूरी होती है वह लोग यहां पर भंडारे का आयोजन करते हैं गूंगे शाह की दरगाह से कव्वालियां गाते हुए पूरे गांव में और मस्जिदों पर कव्वालियों का आयोजन करते हैं।

### संपत्ति विवाद में भाई के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**सहसवान, अमृत विचार :** नगर सहसवान के मोहल्ला नयागंज बाजार विल्सनगंज निवासी एक फर्म के मालिक ने अपने बड़े भाई के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार करके धोखाधड़ी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हरी बाबू एंड संस फर्म के मालिक अनिल कुमार माहेश्वरी उर्फ गणेश और दीपेंद्र कुमार माहेश्वरी उर्फ दीपेंद्र में संपत्ति विवाद का मामला काफी समय से चल रहा है। अनिल कुमार माहेश्वरी उर्फ गणेश का आरोप है कि उनके पिता की खरीदी गई संपत्ति की हिस्सेदारी एक बटे सात भाग उनका है लेकिन अभी बंटवारा नहीं हुआ है। आरोप है कि 10 अक्टूबर 2023 को अनिल कुमार ने एक व्यक्ति को उनका हिस्सा 20 लाख रुपये में बेच दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने अनिल कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# शिव मंदिर पर किया गया अखंड रामायण का पाठ



हवन पूजन करते पुजारी और उपस्थित जनसमूह। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** सिद्धपुर चित्रसेन में प्राचीन शिव मंदिर पर अखंड रामायण का पाठ के बाद विधि विधान से पुराने शिवलिंग को स्थापित किया गया। नर्वदेश्वर शिवलिंग को प्राचीन शिव मंदिर में अतुल प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह चौहान के द्वारा विधि विधान से हवन पूजन कर स्थापित किया गया। शिवलिंग स्थापना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। अखंड रामायण का पाठ एवं हवन कार्यक्रम ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। इस मौके पर चेतन शर्मा, जयवीर सिंह, प्रशांत चौहान, मुन्नालाल शर्मा, सोमवीर सिंह, नीलम चौहान, साक्षी मिश्रा, मुन्नी देवी, काजल चौहान, कंचन चौहान, अंकित चौहान, प्रवीण चौहान, चमन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

विकास के खुले द्वार | मिलेगा रोजगार, किसानों की दूर होगी पराली की समस्या, लोगों ने कहा कि इसी तरह के और लगने चाहिए प्लांट

# एचपीसीएल बायोगैस कंप्रेस्ड प्लांट से जनपद के विकास को मिलेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनपद में पहला प्लांट लगा है जिसका उद्घाटन प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने किया है। एचपीसीएल कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट जिले में विकास की राह में मील का पत्थर साबित होगा। इस प्लांट के लगने से रोजगार के अवसर सृजित होंगे साथ ही किसानों की पराली की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

जिले के दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी के एक बड़े भूभाग पर यहां के जनप्रतिनिधियों की पहल पर सरकार ने एचपीसीएल कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाने की मंजूरी कई साल पहले दी थी। लगभग 133 करोड़ की लागत से तैयार हुए प्लांट का शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन किया। इस मौके पर जिले व आस पास के कई जनपदों के लोगों ने इस प्लांट को देखा और सरकार की सराहना की। एचपीसीएल कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में गोबर और पराली से बायोगैस बनेगी जो ऑयल कंपनियां खरीदेंगी और फिर बायोगैस तेल कंपनियां देश के पेट्रोल पंपों को बेचेंगी, जिससे हर महीना प्लांट का करोड़ों का टर्न ओवर होगा। इसके साथ ही आय भी होगी। बायोगैस संयंत्र में सैकड़ों युवाओं को रोजगार मिलेगा। संयंत्र के आस पास का इलाका शहरों की तरह दिखेगा। इस इलाके के लिए यह संयंत्र वरदान साबित होगा।



सैजनी गांव में लगा बायोगैस सयंत्र। ● अमृत विचार



जिले में सैजनी गांव भारत के नक्शे में अब दिखाई देगा। इस गांव में लगे एचपीसीएल कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र से पूरा जनपद लाभान्वित हुआ है। लोगों में इस बात की खुशी है कि जिले में इतना बड़ा प्लांट लगाया गया है। इसी तरह के और भी संयंत्र लगाना चाहिए। **–रूम सिंह** सतेती।



एचपीसीएल कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र लगने से लोगों के कई तरह के फायदे होंगे। रोजगार मिलेगा। पुआल और गोबर बेच कर आय का नया साधन बनेगा। बायोगैस सस्ते दामों पर पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध रहेगी। आने वाले समय में यह सयंत्र जनपद के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। **–वृजेन्द्र सिंह** बसावनपुर।



दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में बायोगैस प्लांट लगने से पूरे जिले को लाभ मिलेगा। लोग वहां पर दुकान खोलेंगे। उनकी आर्थिक समस्या हल होगी। बेरोजगारी दूर होगी। हालांकि सभी को रोजगार नहीं मिलेगा फिर भी जनपद विकास की राह में आगे बढ़ेगा। **–विवेक पाराशर** सिविल लाइन।

एक समय था जब इस इलाके में लोग दिन में भी जाने से डरते थे। यहां पर जंगल था, झाड़ियां थीं। जंगली जानवरों का बसेरा यहां रहता था। जंगल होने के कारण लूट की वारदातें भी इस क्षेत्र में अक्सर होती थीं। आज इस क्षेत्र में जितना बड़ा कार्य हुआ है शायद प्रदेश के अन्य जिलों में नहीं हुआ होगा। संयंत्र के पांच-पांच किमी. दूर तक खेतों की बिक्री प्लॉट के रूप में हो रही है। यहां लोग आवास बना रहे हैं। दुकानें बन रहीं हैं। सड़कें चमाचम दिख रहीं हैं। लाइट की व्यवस्था भी यहां बेहतर हुई है। इस क्षेत्र के लिए यह संयंत्र बदलाव लेकर आया है।

## शहर में आज

- आम आदमी पार्टी की बैठक अमांपुर रोड स्थित कैंप कार्यालय में सुबह 10 बजे से।
- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति-दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर एक बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।

## एक नजर

### अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश को आवेदन 31 तक

**कासगंज।** भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय ग्राम टमकोली में में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान निराश्रित हुए बच्चों, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अंतर्गत पात्र बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 की कुल 140 सीटों व कक्षा 9 में उपलब्ध कुल 140 सीटों पर अटल आवासीय विद्यालय अलीगढ़ में प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। निशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा करने के लिए 31 जनवरी तक श्रम कार्यालय निकट मिशन चौराहा नदरई गेट, कासगंज से संपर्क किया जा सकता है।

### वित्त पोषण के लिए 31 तक दे सकते हैं प्रस्ताव

**कासगंज।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया है कि सभी दिव्यांगजनों के क्षेत्र में काम कर रही स्वैच्छिक संस्थायें, दिव्यांगजनों की शिक्षा एवं पुनर्वास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर संबद्ध हितधारकों का उन्मुखीकरण/ प्रशिक्षण कार्यकम इन-सर्विस ट्रेनिंग प्रोग्राम को राज्य निधि के माध्यम से पोषित किए जाने के लिए स्वैच्छिक संस्थाएं इच्छुक हों तो अपना प्रस्ताव 31 जनवरी दे सकते हैं। प्रस्ताव कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन में जमा होगा।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल

**कासगंज।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। रविवार सुबह स्टेशन रोड निवासी पप्पू अपनी बाइक पर किसी काम से जा रहा था। तभी रास्ते में उसकी गाड़ी में सामने से आई दूसरी बाइक भिड़ गई। इसमें पप्पू को गंभीर चोटें आईं। इसका पता लगने पर परिवार वाले मौके पर जा पहुंचे। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। वहीं, एक अन्य घटना में पैदल जा रहे युवक को बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पति-पत्नी ने दोबारा साथ रहने का लिया संकल्प

**कासगंज।** परिवार परामर्श केंद्र में रविवार को आठ प्रकरण सुने गए। इनमें सात मामलों में दोनों पक्षों के लोग उपस्थित हुए। काउंसलरों के प्रयास से एक मामले में समझौता हुआ। इसके बाद पति-पत्नी ने दोबारा साथ रहने का संकल्प लिया। इससे पहले काउंसलरों ने दोनों पक्षों को सुना। पति-पत्नी को परिवार का महत्व बताते हुए परिवार के हित में साथ साथ रहने के लिए प्रेरित किया। काउंसलरों के प्रयास से एक दंपतियों ने पुराने गिले शिकवे भूलाकर दोबारा साथ रहने की वचनवद्धता दोहराई। उपनिरीक्षक ऊषारानी, महिला कांस्टेबल सुधारानी, कल्पना के अलावा काउंसलर अशोक गौड़, सोनी यादव, डा. मनोज शर्मा, मनीष अग्रवाल, अशोक गौड़, विकास गुप्ता, देवेंद्र तिवारी मौजूद रहे।

## सड़क किनारे बेसुध पड़ा मिला युवक

**कासगंज, अमृत विचार :** एक युवक शहर के कासगंज-सोरों मार्ग पर बेसुध पड़ा मिला है। उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आशंका है कि युवक जहर खुरान गिरोह का शिकार हुआ होगा। सदर कोतवाली क्षेत्र में सोरों-कासगंज मार्ग पर यूके गार्डन के निकट सड़क किनारे राह चलते लोगों ने एक युवक को बेसुध अवस्था में पड़ा देखा। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया। युवक के पास मिले आधार कार्ड से युवक की शिनाख्त अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव मितौलीया निवासी अवधेश के रूप में हुई। पुलिस ने इसकी सूचना अवधेश के पिता राजा सिंह को दी। परिजन अलीगढ़ के मेडिकल कॉलेज पहुंच गए हैं।

### माघ आने के बाद शुरू होने लगता है ठंड का ढलान, मौसम में आ जाती है अनुकूलता, बसंत ऋतु का हो जाता है आगमन

# माघ माह में तीर्थ-स्नान और दान करने से बढ़ता है पुण्य

**दीपक मिश्र, मोहनपुरा**

**अमृत विचार :** हिंदू धर्म में माघ मास का अपना विशेष महत्व बताया जाता है। पौष मास में हाड़ कंपाने वाली सर्दी के बाद आने वाला माघ महीना ठंड के ढलान का संकेत देता है, जिसमें वसंत ऋतु का आगमन होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माघ महीने में कुछ नियमों का पालन करना चाहिए। हिंदू पंचांग का यह 11वां महीना है, जिसमें ढेर सारे पर्व आते हैं।


पंडित दिवाकर पचौरी।

आचार्य पंडित दिवाकर पचौरी के अनुसार माघ मास का संबंध श्रीकृष्ण से है। प्राचीन समय में इसे माध का महीना कहा जाता था, जिसका अर्थ श्रीकृष्ण के माधव स्वरूप से है। इसलिए इसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस महीने में कई धार्मिक पर्व भी आते हैं। साथ ही प्रकृति भी अनुकूल होने लगती है। माघ मास में पवित्र संगम पर कल्पवास भी किया जाता है। इस मास में विष्णु जी एवं लक्ष्मी जी की पूजा का विधान है। इसके साथ ही पवित्र नदी में स्नान और दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इसीलिए लोग गंगा स्नान के लिए डेरा जमा लेते हैं। इस महीने में व्यक्ति को सात्विक आहार, ईश्वर का भजन एवं कीर्तन करना चाहिए।

आचार्य पंडित दिवाकर पचौरी ने बताया कि पुराणों में माघ मास को अत्यंत पुण्य फलदायी बताया गया है। इस महीने में प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व स्नान कर श्रीकृष्ण को पीले पुष्प और पंचामृत अर्पित करें। मधुराष्टक का पाठ कर पुण्य लाभ कमाएं। अपनी क्षमता के अनुसार किसी गरीब व्यक्ति को भोजन कराएं। यदि संभव हो तो यथाशक्ति दान कर सकते हैं।

### दान के लिए बताए गए नियम

- दान सदैव यथाशक्ति अनुसार करें एवं किसी के दबाव में आकर नहीं करना चाहिए।
- हमेशा ऐसे व्यक्ति को दान देना चाहिए जिसे वास्तविक रूप में जरूरत हो, जिससे दान की गई वस्तु का पूर्ण उपभोग हो सके।
- दान में दी जाने वाली सभी वस्तुएं यथा संभव उत्तम गुणवत्ता की हों।
- दान में कभी भी मांसाहारी वस्तुएं, मदिरा अथवा नुकीली वस्तुएं कदापि न हों
- दान देते समय मन संयमित हो एवं ऐसा भाव हो कि यह वस्तु ईश्वर की दी हुई है और उसी को समर्पित कर रहे हैं।
- दान के समय मन में किसी व्यक्ति के लिए किसी प्रकार का द्वेष न हो।

### सूर्योदय से पूर्व स्नान के पीछे है पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार एक बार देवराज इंद्र रचित कुटिल संसर्ग के लिए गौतम ऋषि ने उन्हें श्राप दे दिया था। जब इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ तो उन्होंने ऋषि गौतम से क्षमा याचना की। काफी सोच विचार के बाद ऋषि ने याचना स्वीकार कर इंद्र को माघ मास में सूर्योदय से पूर्व गंगा स्नान कर प्रायश्चित करने के लिए कहा। तब देवराज ने पूरे माघ मास गंगा में स्नान किया था। जिसके फलस्वरूप उन्हें गौतम ऋषि के श्राप से मुक्ति मिली। इसलिए इस माह में माघी पूर्णिमा एवं माघी अमावस्या को गंगा स्नान करना विशेष फलदाई बताया गया है।

### आज मनाया जाएगा सकट चौथ व्रत

माघ मास की चतुर्थी तिथि सकट चौथ व्रत नाम से प्रसिद्धि प्राप्त है। कई जगह इसे संकष्टी चतुर्थी, वक्रतुंडी चतुर्थी, तिलकुटा चौथ के नाम से भी जाना जाता है। सकट चौथ का शुभ मुहूर्त 29 जनवरी को सुबह 6 बजकर 10 मिनट से 30 जनवरी सुबह 8 बजकर 40 मिनट तक है। सनातन धर्म में माघ मास में आने वाली सकट चौथ व्रत का विशेष महत्व है। इसमें गणेश की पूजा अर्चना कर माताएं संतान की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। संकष्टी चतुर्थी का व्रत वैसे तो हर महीने में होता है, लेकिन माघ मास में आने वाली चतुर्थी की महिमा सबसे अधिक है।

# शीतलहर ने किया बेहाल, धूप भी रही बेअसर

### सुबह को छाया कोहरा, लोगों ने ठंड से बचने को आग का लिया सहारा, शाम होने पर फिर बढ़ गई गलन

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** पिछले करीब एक महीने से ठंड का प्रकोप जारी है। रविवार को सुबह 11 बजे तक आसमान पर कोहरे की चादर छा गई। घने कोहरे के चलते यातायात प्रभावित रहा। हालांकि दोपहर में धूप खिली, लेकिन बेअसर रही। शाम होते ही फिर गलन शुरू हो गई। शीतलहर चलने से लोग बेहाल रहे। ठंड से राहत पाने के लिए लोगों का अलाव का सहारा लेना पड़ा।

मौसम हर दिन करवट बदल रहा है। शनिवार को चटक धूप निकलने से लोगों ने ठंड से राहत महसूस की। मगर रविवार की सुबह लोग जागे तो चारों ओर कोहरा छाया था। घने कोहरे की वजह से वाहन चालकों को खासी दिक्कत हुई। कोहरे की वजह से तमाम लोगों को रास्ते में होटल-ढाबों पर रुकना पड़ा। सुबह लगभग 10 बजे आसमान साफ होना शुरू हुआ। सुबह 11 बजे तक कोहरा पूरी तरह हट सका। इसके बाद धूप खिली। मगर शीतलहर के चलते कोई खास राहत नहीं मिली। शाम करीब चार बजे से फिर ठंड बढ़ गई। रविवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रहा।


रविवार सुबह कोहरे के दौरान लाइट जलाकर गुजरते वाहन।


शहर के सरकुलर रोड पर ठंड से राहत पाने के लिए अलाव तापते लोग।

### अधिक ठंड से 30 फीसदी घट गई मटर की पैदावार

कासगंज में मटर की सबसे ज्यादा पैदावार होती है। यहां के मोहनपुरा में मटर की सबसे बड़ी मंडी लगती है। इस बार मौसम की मार सबसे अधिक मटर की फसल पर पड़ी है। तापमान घटने के साथ पाला पड़ने की वजह से मटर की पैदावार काफी प्रभावित हुई है। इस बार फसल की पैदावार में करीब 30 प्रतिशत तक गिरावट हुई है। अधिक सर्दी के कारण मजदूरों ने भी मनमानी मजदूरी ली। इससे किसानों की आय पर काफी असर हुआ है। फसल की कीमत भी अपेक्षाकृत कम रही है।

## जिला अस्पताल में दोगुनी हो गई मरीजों की संख्या

**कासगंज।** कड़ाके की ठंड के चलते बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सामान्य दिनों की अपेक्षा जिला अस्पताल में रोगियों की संख्या दोगुनी हो गई है। शनिवार को सुबह 11 बजे ओपीडी में मरीजों की खासी भीड़ थी। सबसे अधिक भीड़ कमरा नंबर 11 में थी। जहां डॉ. कर्मवीर मरीजों को देख रहे थे।

पंजीकरण केंद्र पर मरीजों की कतार लगी थी। कक्ष संख्या 28 में अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, सीटी स्कैन किए जाते हैं। जहां मरीजों की खासी भीड़ लगी थी। जांच कराने पहुंचे तमाम रोगी अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे थे। सबसे ज्यादा भीड़ अल्ट्रासाउंड कराने वाले मरीजों की थी। एक्स-रे व सीटी स्कैन के मरीज भी काफी थे। सरकारी रिकार्ड के अनुसार आम दिनों में प्रतिदिन 3 से 4 सौ मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। जबकि इन दिनों रोजाना 6 से 7 सौ मरीज पहुंच रहे हैं।


जिला अस्पताल में जांच केंद्र के बाहर लाइन में खड़े मरीज। ● अमृत विचार

> कड़ाके की ठंड होने के कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी है। सभी रोगियों को संबंधित चिकित्सक परामर्श दे रहे हैं। निशुल्क दवाइयां दी जा रही है। जरूरत के आधार पर जांच कराई जा रही है। आजकल सबसे ज्यादा मरीज सर्दी, जुकाम और खांसी के आ रहे हैं।
> – **डॉ. संजीव सक्सेना**, सीएमएस

## भीषण ठंड में चटक रहीं रेल पटरियां, अलर्ट जारी

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** भीषण ठंड के चलते रेल पटरियां चटक रहीं है। इसको लेकर रेलवे प्रशासन अलर्ट हो गया है। कासगंज-मथुरा रेल खंड पर पिछले एक सप्ताह में कई स्थानों पर चटकी पटरियों की मरम्मत कराई गई है। तीन दिन पहले हाथरस के पास चटकी रेल पटरी को दुरुस्त कराया गया। रेलवे के उच्चाधिकारियों का कहना है कि कासगंज रेल सेक्शन में तैनात गैंगमैनों को अलर्ट करने के साथ पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।

कड़ाके की ठंड में तापमान गिरने पर जगह-जगह रेल पटरियां सिकुड़ जाती हैं। इससे ट्रेन के पहियों के दबाव से पटरियों के टूटने या चटकने का खतरा बढ़ जाता है। कासगंज मथुरा खंड पटरी चटक गई थी, जिसकी आनन-फानन में मरम्मत कराई गई।

घटना को एक सप्ताह ही बीता था कि अब इसी खंड के हाथरस के पास एक बार फिर पटरी में गड़बड़ी सामने आ गई। आनन-फानन में गैंगमैनों से मिली सूचना के बाद पीडब्ल्यूआइ ने तकनीकी टीम को भेजकर पटरी को दुरुस्त कराया।



कासगंज रेलवे स्टेशन।

**▸▸ पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ हर सेक्शन में ट्रैकमैन व गैंगमैन की एक से अधिक टीमें लगाई गईं**

> रेलवे ट्रैक की सतत निगरानी के लिए गैंगमैनों की पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। जहां कहीं भी पटरियों के चटकने की शिकायतें सामने आ रही हैं उसे तत्काल दूर कराया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे प्रशासन हर स्तर पर अलर्ट है। मंडल के हर सेक्शन में ट्रैक मैन और गैंग मैन की एक से अधिक टीमों को लगाया गया है। – **राजेंद्र सिंह,** पीआरओ, इज़्ज़तनगर रेल मंडल बरेली

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आज

**कासगंज।** सांसद राजवीर सिंह की अध्यक्षता में सोमवार 29 जनवरी की दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति-दिशा की बैठक होगी। सीडीओ सचिन ने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रगति आख्या सहित बैठक में अनिवार्य रूप से समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# महिला का शव फंदे पर लटका मिला

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार:** ढोलना क्षेत्र के घिनोना गांव में एक महिला का शव फंदे पर लटका मिला। मायके वालों का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मृतका रुचि।

यह घटना जिले की कोतवाली ढोलना क्षेत्र के घिनोना गांव की है। वहां निवासी 19 वर्षीय रुचि का शव रविवार सुबह छत में लगे पंखे पर लटका मिला। परिवार वालों ने शव लटका देख तो दंग रह गए। घर में कोहराम मचा तो आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी ने इसकी सूचना ढोलना पुलिस को दे दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। रुचि का मायका कोतवाली सहावर क्षेत्र के चहका गुनार गांव में है। सूचना मिलने पर उसके मायके वाले पहुंच गए। उसके पिता अजय वीर ने बताया की रुचि का विवाह घिनोना गांव के रहने वाले रमेश चंद्र के बेटे दीपक से पिछले साल 22 जून को किया था। शादी के बाद ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज को लेकर रुचि को परेशान करने लगे। ढोलना थाना प्रभारी अजयवीर ने बताया कि रुचि के मायके पक्ष की ओर से अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बैठीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**▸▸ मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप, पुलिस मामले की जांच कर रही**

## दिव्यांगजन अपना राशनकार्ड व फैमिली आईडी कार्ड जमा करें

**कासगंज, अमृत विचार :** जिन दिव्यांगजनों का राशन कार्ड या फैमिली आईडी कार्ड नहीं है वो अपना आधार कार्ड, फोटो सहित कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी कासगंज या अपनी संबंधित तहसील पर राशनकार्ड बनवा लें। जिन दिव्यांगजनों के राशन कार्ड नहीं बन रहे हैं वो ऑनलाइन पर अपना फैमिली आईडी कार्ड बनवाए जाने के लिए ऑनलाइन कराकर संबंधित तहसील या विकास खंड पर आवेदन पत्र जमा करें, जिससे फैमिली आईडी बनाई जा सके। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया कि अपना राशन कार्ड/फैमिली आईडी कार्ड किसी भी कार्यदिवस में विकास भवन में स्थित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी में जमा करा दें।

# पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** यातायात पुलिस ने शनिवार को ओवरलोडिंग के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने वाले वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी। अभियान चलाकर कई वाहनों के चालान किए और जुर्माना वसूला।

एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने डग्गामार वाहनों और ओवरलोडिंग के विरुद्ध चेकिंग अभियान शुरू किया है। शनिवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान आधा दर्जन वाहन सीज कर दिए। जनपद में बढ़ रही सड़क हादसों की घटनाओं को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने यातायात पुलिस को निर्देश दिए किए डग्गेमार वाहनों पर अंकुश लगाकर ओवर लोडिंग रोकें। एसपी के निर्देश पर यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान चलाया। यातायात पुलिस ने अभियान के दौरान कासगंज-इस्माइलपुर मार्ग पर आधा दर्जन ऑटो सीज किए। साथ ही दर्जनभर वाहनों के चालान काटे। यातायात प्रभारी ने बताया कि ऑटो पर ओवरलोडिंग करने से आए दिन ऑटो पलटते हैं और सड़क हादसों में इजाफा होता है।

**इन इलाकों में चलाया गया अभियान :** कासगंज में अमापुर तिराहा, माल गोदाम चौराहा, बिलराम गेट सहित अन्य स्थानों पर चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कागजात चैक किए। कागजात के अभाव में दर्जन भर दोपहिया वाहनों के चालान किए।


ओवरलोड ऑटो चालक को हिदायत देते यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह।

**▸▸ पुलिस ने कई ओवरलोड वाहनों का किया चालान**

# डीएम-एसपी ने बूथों का जायजा लिया

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से कराने के उद्देश्य से शनिवार को डीएम व एसपी ने पटियाली विधानसभा के गंजडुंडवारा स्थित अमीर खुसरों स्कूल और हरनारायण इंटर कॉलेज मतदान केंद्रों पर जाकर निरीक्षण किया। अधीनस्थों को समय रहते व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए।

डीएम सुधा वर्मा एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने संवेदनशील पोलिंग बूथों का निरीक्षण करते हुए स्थिति का जायजा लिया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढग से संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थायें पूर्ण कर ली जाएं। सभी पोलिंग बूथों पर आवश्यक फर्नीचर, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, मतदाताओं के आने जाने का रास्ता, रैम्प सहित पोलिंग पार्टियों के ठहरने एवं मतदाताओं के लिये मानकों के अनुसार सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को शीघ्रता से पूरा कर लिया जाए। डीएम ने बैरीकेटिंग एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं, पोलिंग बूथों तक आने जाने का रास्ता, पोलिंग पार्टियों के ठहरने और मतदान कराने की व्यवस्था, मतदान दिवस पर मतदाताओं को वोट डालने, मतदान कार्मिकों के बैठने, मतपेटिकायें रखने, रूटचार्ट तथा क्षेत्र की संवेदनशीलता का भी मौके पर जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि कहीं कोई व्यवस्थाएं अधूरी हैं तो समय से पूर्ण कर ली जाए। क्षेत्र की संवेदनशीलता पर पैनी नजर रखी जाए।


पोलिंग बूथ के बारे में जानकारी लेतीं डीएम सुधा वर्मा व एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

**▸▸ व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा करने के दिए निर्देश**

**धर्म-कर्म** | गंजडुंडवारा इलाके में गंगा की रेत पर बसा तंबुओं का नगर, गूंज रहे हर-हर गंगे के जयकारे

# अव्यवस्थाओं के बीच रामनगरिया माघ मेला आरंभ

**संवाददाता, गंजडुंडवारा**

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा कादरगंज घाट पर रामनगरिया माघ मेला शुरू हो गया। पौष पूर्णिमा से कल्पवासियों का माघ मेले में पहुंचने का सिलसिला जारी है। इससे कादरगंज घाट पर ब्रह्म मुहूर्त में सुबह चार बजे से हर-हर गंगे के जयकारे गूंजने लगते हैं।

माघ मेले में कल्पवासी एक महीने तक नियमित गंगा स्नान, दान करने के साथ सात्विक भोजन करते हैं। कल्पवास के दौरान पूरे माह घर परिवार का मोह त्याग कर भजन कीर्तन में लीन रहते हैं। इस दौरान कल्पवासी सांसारिक सुख, वैभव त्यागकर सादगी का जीवन जीने का प्रयास करते हैं। मोक्ष की कामना के साथ अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार सुबह-शाम गंगा स्नान कर दान- पुन्य करते हैं।


कादरगंज घाट पर रामनगरिया माघ मेले में लगे तंबू। ● अमृत विचार

**▸▸ माघ मेले में कल्पवासियों के पहुंचने का सिलसिला जारी, एक महीने चलेगा मेला**

> मेले में सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सफाई, बिजली आदि व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने हेतु कर्मचारी कार्य पर लगाए गए है। एक कर्मचारी को सुविधाएं दुरुस्त बनाए रखने हेतु ड्यूटी पर लगाया गया है।
> – **सुनील कुमार**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका गंजडुण्डवारा

### माघी पूर्णिमा तक चलेगा कल्पवास

कादरगंज घाट पर रेत पर बने तंबुओ और झोपड़ियों में सैकडों साधु-संत पूरे माघ महीने में जप-तप और साधना करते हैं। वहीं, क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर संकल्प के साथ कल्पवास करते है। पौष पूर्णिमा से शुरू हुआ कल्पवास 24 फरवरी को होने वाले माघी पूर्णिमा तक चलेगा।

### मेले में सफाई न होने से कल्पवासी परेशान

माघ मेले में प्रशासनिक स्तर पर उचित व्यवस्थाएं नही कराई गई है। सफाई, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। फायर ब्रिगेड, गोताखोर आदि की तैनाती भी नहीं की गई है। अव्यवस्थाओं के चलते संत समाज में खासी नाराजगी है। उन्होंने जिला प्रशासन से मेले में व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

> मेले में प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं कराई गयी हैं। इससे कल्पवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रामनगरिया मेला मंडलायुक्त अलीगढ़ कार्यालय मे रजिस्टर्ड है। प्रशासन को मेले में समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहिए।
> –**बाबा जयराम दास** (मौनी बाबा आश्रम, कादरगंज घाट)



शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बै-औलाद
शुक्राणुओ
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोडों का दर्द









GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा.शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

# बेकाबू बाइक घोड़े से टकराई चली गई युवक की जान

## सहावर तहसील के पास हुआ हादसा, काम से जा रहा था संजय

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सहावर इलाके में अचानक अनियंत्रित बाइक घोड़े से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार लगी कि बाइक सवार युवक दूर जा गिरा। इसमें गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।



मृतक संजय।

पटियाली इलाके के गांव अलीपुर दादर निवासी संजय (35) पुत्र हरिश्चंद्र रविवार को बाइक पर अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव गेंदूपुरा की ओर जा रहा था। वह सहावर तहसील के निकट पहुंचा होगा। तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होने के बाद सड़क किनारे दौड़ रहे घोड़े से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि बाइक सवार संजय कूदकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, लेकिन तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर को अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों का कहना है कि संजय जल्द ही घर लौटने की कहकर निकले थे। इसके बाद वह तो नहीं लौटा उसकी मौत होने की सूचना घर पहुंची। इससे पूरा परिवार टूट गया है। कोतवाली प्रभारी लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि घोड़े से टकराकर बाइक सवार की जान गई है। उसके शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

जिला हाथरस के सिकंदराराऊ निवासी 20 वर्षीय पंकज अपनी बाइक पर सहावर क्षेत्र की ओर जा रहे थे। वह बढारी के समीप पहुंचे होंगे। तभी सामने की ओर से लखीमपुर निवासी दीपक पुत्र रामपाल बाइक से आ गए। इससे दोनों बाइक आमने-सामने आने पर टकरा गईं, जिससे पंकज और दीपक घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से दोनों को रेफर कर दिया गया है।

# ऑटो बेचने के नाम पर 1.58 लाख रुपये ठगे, रिपोर्ट

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला दिनेश नगर निवासी पूरन सिंह की बेटी बेबी तोमर ने मिरहची थाना पुलिस को बताया कि उसने गांव दतेई निवासी पंकज पुत्र उपेन्द्र से 1 लाख 58 हजार रुपये में 28 दिसंबर को ऑटो खरीदा था। आरोप है कि पंकज ने न तो उसे ऑटो दिया और ना ही उसके रुपये लौटाए। उसके रुपये मांगने पर आरोपित व उसके साथियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

### चार लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

एटा। पुलिस द्वारा चार लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। कोतवाली नगर के थानाध्यक्ष निर्दोष कुमार सेंगर ने बताया कि बागपत के छपरौली के ग्राम चंदन हेडी अपने साथियों के साथ मिलकर गैंग बनाकर चोरी, लूट, नकबजनी जैसे अपनों को अंजाम देता था। आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

# चीनी मिल पर गन्ना किसानों के 48 करोड़ रुपये बकाया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जिला गन्ना अधिकारी की ओर से नोटिस जारी
- गन्ना खरीदने के 14 दिन में भुगतान करने का है नियम

**अमृत विचार :** चीनी मिलों ने पुराने पेराई सत्र में खरीदे गन्ने का पूना भुगतान कर दिया है। मगर नए पेराई सत्र में खरीदे गए गन्ने के 48 करोड़ 10 लाख बकाया हैं। किसानों को बकाया भुगतान किए जाने को लेकर जिला गन्ना अधिकारी की ओर से तीन बार नोटिस चीनी मिलों का जारी की जा चुका है। चीनी मिल प्रशासन जल्द भुगतान करने का दावा कर रहा है।

जिले में गन्ना भुगतान सदैव से ही लटकता रहा है। न्यौली चीनी मिल कभी भी भुगतान को लेकर गंभीर नहीं दिखती है। पिछले साल दो बार डीएम सुधा वर्मा ने चीनी मिल के अफसरों को सख्त हिदायत दी थी। इधर, गन्ना विभाग के अफसर भी चीनी मिल पर दबाव बनाए रहे। इसका नतीजा यह रहा कि चीनी मिल ने पिछले साल का गन्ना किसानों का बकाया भुगतान कर दिया है।

नए सत्र में अब तक चीनी मिलों ने 13 लाख क्विंटल गन्ने की खरीद की है। इसके चीनी मिलों पर गन्ना किसानों के 48 करोड़ 10 लाख रुपये बकाया हैं। नियमानुसार चीनी मिल को गन्ना खरीदने के बाद 14 दिनों में भुगतान कर देना चालिए। हालांकि इस मामले में चीनी मिलें नियमों का पालन नहीं करती हैं। किसानों के बकाया भुगतान के लिए डीएम के निर्देश पर जिला गन्ना अधिकारी तीन पर नोटिस जारी कर चुके हैं। बावजूद इसके चीनी मिल प्रशासन बकाया भुगतान को लेकर गंभीर नहीं है।

> न्यौली चीनी मिल ने पुराने सत्र के बकाए का सौ फीसदी भुगतान कर दिया है। नए पेराई सत्र का भुगतान बकाया है। इसके लिए तीन बार नोटिस जारी किया जा चुका है।
>
> **-ओउम प्रकाश सिंह,** जिला गन्ना अधिकारी

# महिला ने पति, सास-ससुर समेत नौ पर लिखाई रिपोर्ट

संवाददाता, एटा

- पति पर नपुंशक होने और ससुर पर छेड़छाड़ करने का आरोप

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर में एक महिला ने अपने पति व सास-ससुर के खिलाफ धोखाधड़ी और आपत्तिजनक व्यवहार करने रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला के अनुसार उसका पति नपुंशक है। पति व उसके घर वालों ने झूठ बोलकर शादी की। इसका पता लगने पर उसने विरोध किया तो ससुर ने आपत्तिजनक व्यवहार किया।

एटा शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में अपने पति, सास-ससुर और बिचैलिया सहित नौ लोगों को नामजद किया है। महिला के अनुसार दिसंबर 2022 में हिंदू रीत रिवाज से उसकी शादी हुई थी। पिता ने शादी में करीब 25 लाख रुपये खर्च किए। वह शादी के बाद पहली बार ससुराल गई तो उसे पति के नपुंसक होने का पता चला। उसने अपने मायके वालों को पूरी बात बताई। उनके कहने पर महिला के ससुराल वालों ने इलाज कराने की बात कही। इसके बाद जबलपुर के चिकित्सकों से इलाज कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

महिला का आरोप है कि कुछ दिनों बाद उसके कमरे में घुसकर ससुर ने छेड़छाड़ की। उसने इसकी शिकायत ससुराल वालों से की तो उसकी पिटाई की गई। बाद में मायके वालों से बात करने पर पाबंदी लगा दी और एक डॉक्टर को दिखाकर नींद की गोलियां दी जाने लगीं। 26 अक्टूबर 2023 को उसे पति बस स्टैंड पर छोड़कर चला गया। इसके बाद वह मायके चली गई। कोतवाली प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# युवक को पीटकर किया गंभीर घायल आरोपी पर रिपोर्ट

**एटा, अमृत विचार :** जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम नगला अजीत निवासी कश्मीर सिंह पुत्र छोटे सिंह ने इलाका पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 26 जनवरीको अपने गांव में मौजूद था। आरोप है कि गांव के निवासी सुनील कुमार पुत्र अमीर सिंह समेत चार लोगों द्वारा एकराय होकर उसको घेर लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे उसकी गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। आरोपितों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### युवक पर जानलेवा हमला

एटा। सकीट थाना क्षेत्र के गांव चपरई सिकंदरपुर निवासई ओमवीर सिंह पुत्र करन सिंह का कहना है कि गांव के निवासी शिवम पुत्र कुॅवरपाल सिंह ने पीड़ित के साथ मारपीट की और धारदार हथियार से घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दौड़ में दीपांशु, बबलू, आशीष उर्वेश और अभिषेक रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। ● अमृत विचार

- गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुई क्रास कंट्री दौड़ प्रतियोगता
- जीती प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

**अमृत विचार:** जिले में समय-समय पर शासन के निर्देश पर प्रशासन द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं। खेलकूद विभाग के अलावा शिक्षा विभाग भी प्रतियोगिता कराता है। गणतंत्र दिवस पर ओपन क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित हुई। अजीत कुमार विजेता रहे, जिन्हें पुरसकार दिया गया है।

खेल जिला प्रशासन के सहयोग से गणतंत्र दिवस पर आयोजित 14 वर्षीय बालक-बालिका ओपन कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन खेल स्टेडियम सोरों में किया गया। इसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर एवं 1500 मीटर की दौड़ कराई गई। इन प्रतियोगिताओं में दीपांशु, बबलू, आशीष, उर्वेश व अभिषेक ने प्रथम तथा विक्रम, रोहित, नर सिंह, शिव कुमार, लवकुश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही प्रांजल, प्रयांशु, मुकेश, दिनेश एवं अर्जुन को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता समापन पर डीएस लोधी जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा एवं विकास निर्भय जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ने पुरस्कार वितरित किए। संचालन जिला उप क्रीड़ा अधिकारी हरफूल सिंह ने किया।

इस अवसर पर नरेंद्र कुमार, मुन्नालाल, अर्वेश कुमार, आकाश यादव, जुगेंद्र कुमार, भानु प्रताप सिंह, राजा बाबू, विनोद कुमार, बादल सिंह, सनी, रिंकू सिंह, गोपाल, कुलदीप सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संगठन की रीढ़ हैं युवा व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



जिला प्रभारी दीपक गुप्ता का स्वागत करते सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी।

- जिला सराफा एसोसिएशन ने नवनियुक्त व्यापार मंडल के जिला प्रभारी का किया स्वागत

**अमृत विचार :** जिला सर्राफा एसोसिएशन की ओर से रविवारको उद्योग व्यापार मंडल के नवनियुक्त जिला चेयरमैन का स्वागत किया गया। नवनियुक्त जिला चेयरमैन ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि वह उनकी समस्याओं के निदान कराने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और हर संभव समस्या का निराकरण कराया जाएगा।

स्वागत समारोह सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गणेश के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर आरंभ किया। जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध पल्तानी ने कहा कि उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय नेतृत्व ने सराफा कारोबारी दीपक गुप्ता को जिला प्रभारी का जो दायित्व दिया है वो अतुलनीय है। जिला संयोजक योगेश गौड़ ने कहा कि व्यापार मंडल से जुड़ने से जिले में अब संगठन को नई दशा व दिशा मिलेगी। युवा ही संगठन की रीढ़ हैं। समारोह में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार जाखेटिया, जिला संसदीय महामंत्री विपुल गर्ग, जिला कोषाध्यक्ष राहुल बिडला ने भी संबोधित किया। पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिला प्रभारी को फूलमालाओं, शॉल व चांदी का मुकुट एवं केसरिया पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। नवनियुक्त जिला प्रभारी ने सभी का आभार जताया।

इस दौरान प्रदीप गुप्ता, विवेक वर्मा, रानू माहेश्वरी, प्रवीन कुमार, नवीन वर्मा, अर्पित अग्रवाल, विनय वर्मा, सुरेंद्र माहेश्वरी, कपिल लाहोटी, राजीव माहेश्वरी, आशीष केला, सौरभ वर्मा मौजूद रहे।

### दहेज की खातिर विवाहिता का उत्पीड़न

एटा। कोतवाली देहात के गांव कसैटी निवासी प्रियंका पुत्र राजू ने बताया कि उसकी शादी अलीगढ़ के हरदुआगंज थाना क्षेत्र के गांव डसन्ना निवासी रामखिलाड़ी पुत्र गजराज सिंह के यहां हुई थी। पीड़िता की शादी में दिए दहेज से ससुरालीजन खुश नहीं हुए, अतिरिक्त दहेज में 2 लाख रुपए की मांग करने लगे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पीड़िता का शारीरिक एवं मानसिक रूप से उत्पीड़न किया गया। मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रामखिलाड़ी समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला की हत्या का प्रयास

एटा। बागवाला थाना क्षेत्र के गांव कुंदनपुर निवासी मुनीष कुमार की पत्नी प्रवेश कुमारी ने पुलिस को बताया है कि बागवाला निवासी आदित्य तोमर पुत्र ब्रजेश कुमार तोमर समेत दो नामजद और चार अज्ञात लोगों द्वारा मिलकर अलीदराज से फर्जी बैनामा करा लिया। विरोध करने पर आदित्य आदि ने मारपीट कर गाली गलौज की, पीड़ित की हत्या करने के इरादे से गोली चलाई गई। इसके बाद आरोपी भाग गए।

# ब्राह्मणों पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो वायरल, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- शाक्य समाज के व्यक्ति पर वीडियो वायरल करने का आरोप

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया वायरल वीडियों में एक युवक ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी कर गालियां दे रहा है। इस मामले में ब्राह्मण समाज के एक व्यक्ति ने सिकंदरपुर वैश्य थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, इस मामले का पता लगने पर परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सिकंदरपुर वैश्य थाने में प्रदर्शन किया



वीडियो वायरल करने का आरोपी।

बहोरा निवासी भास्कर मिश्रा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में अपने गांव के हरिओम शाक्य पर वीडियो में जातिसूचक शब्द एवं गालियां देने का आरोप लगाया है। उन्होंने तहरीर के साथ पुलिस को वायरल वीडियो भी उपलब्ध कराया है। इस वीडियो में हरेंद्र ब्राह्मण समाज को गालियां दे रहा है। वीडियो में वह कह रहा है कि ब्राह्मण पांव लागों से खुश होते हैं। राम-राम तो लेते ही नहीं। तुम सुधर जाओ अब राम का राज्य आ गया है। हम शाक्य थे, शाक्य हैं। तुम सुधर जाओ नहीं तो हमारे बौद्ध की शरण में आ जाओ। इस वीडियो को देखकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज करली है। आरोपी हरियाणा के फरीदाबाद में रहकर नौकरी करत है। उसकी तलाश में पुलिस की टीम फरीदाबाद भेजी गई है।

> एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें हरेंद्र नाम का युवक ब्राह्मण समाज के लोगों को जाति सूचक गालियां दे रहा है, और अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हरेंद्र हरियाणा के फरीदाबाद में रहकर कार्य कर रहा है।
>
> **- विजय राना,** सीओ पटियाली

# अवैध शराब समेत एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** जसरथपुर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के पर्यवेक्षण में अवैध शराब व शराब तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत थाना जसरथपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त चन्द्रपाल पुत्र लटूरी सिंह निवासी ग्राम महाराजपुर थाना जसरथपुर को गिरफ्तार किया। उसके पास 20 क्वार्टर अवैध शराब के बरामद हुए। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जेपी अशोक, उपनिरीक्षक चरन सिंह, सिपाही मुकेश कुमार शामिल रहे।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- जसरथपुर पुलिस को चेकिंग के दौरान मिली कामयाबी

# कवि सम्मेलन में रात भर ठहाके लगाते रहे श्रोता

संवाददाता, एटा



दीप प्रज्ज्वलित कर कवि सम्मेलन का उद्घाटन करते डीएम प्रेम रंजन सिंह।

- प्रदर्शनी के पंडाल में आयोजित रंग महोत्सव में शनिवार रात हुआ विराट कवि सम्मेलन

**अमृत विचार :** जिला कृषि और औद्योगिक विकास प्रदर्शनी के पंडाल में आयोजित रंग महोत्सव में शनिवार रात विराट कवि सम्मेलन हुआ। इसका उद्घाटन डीएम प्रेम रंजन सिंह व एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। पूर्व विधायक प्रजापालन वर्मा व ममतेश शाक्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम के संयोजक अजय चतुर्वेदी मैनेजिंग डायरेक्टर आरए मोटर व सह-संयोजक रामनरेश मिश्रा एडवोकेट आदि ने अतिथियों और कवियों का स्वागत किया।

कवित्री अनामिका जैन अंबर ने राम भक्त ही राज करेगा, दिल्ली के शासन गीत पर खूब तालियां बटोंरी। कवि प्रताप फौजदार सरदार ने दर्शकों को हंसाते-हंसाते लोटपोट कर दिया।

इसके अलावा कवि अशोक चक्रधर, कवि गजेंद्र सोलंकी, कवि डॉ सौरभ कांत शर्मा, कवि सर्वेश अस्थाना, कवि डॉ दुर्वेंद्र भदोरिया, कवियत्री सोनू रूप विशाल कवियत्री डॉ. शुभम त्यागी, कवियत्री भुवन मोहिनी ने दर्शकों को खूब लुभाया।

कवि सम्मेलन में जहीर अहमद, शराफत हुसैन काले, प्रदीप गुप्ता भामाशाह, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एडीएम फाइनेंस आयुष चैधरी, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाहा, किरन सिंह, गरिमा गौतम, रेणुका कुशवाहा, रचना द्विवेदी, एसडीएम सदर भावना विमल, एसडीएम अलीगंज प्रतीत त्रिपाठी, एसडीएम वेदप्रिया आर्य, एसडीएम रामनयन, तहसीलदार नीरज कुमार, नायब तहसीलदार सारस्वत, सीओ सिटी विक्रांत द्विवेदी, सीओ सकीट संजय सिंह, कोतवाली नगर प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर, इंस्पेक्टर अजय कुमार त्रिपाठी, राकेश कुमार सिंह, मेला प्रभारी ओम प्रकाश सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित जौहरी एडवोकेट ने किया।

## एक नजर

### किताबों के गोदाम में लगी आग, मची रही खलबली

एटा। जलेसर कोतवाली क्षेत्र के एसवीडी गार्डन स्थित प्रकाश पुस्तक भंडार के गोदाम में शनिवार देर रात अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगने लगी थी। किताबों के गोदाम में आग से वहीं गार्डन में चल रहे अनुमान चालीसा पाठ में मौजूद लोग घबरा गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना मिलते ही गाड़ी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मगर तब तक काफी सामान जल गया।

### अवागढ़ से दो युवतियां लापता, रिपोर्ट दर्ज

एटा। अवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव जिनावली से निवासी अमित प्रजापति हाथरस क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय युवती को बहला फुसलाकर ले गया। परिजनों को जानकारी हुई तो काफी तलाश की ल, किन सुराग नहीं लगा। इस पर आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। वहीं, दूसरी ओर कोतवाली नगर क्षेत्र के नुमाइश मैदान में आई एक युवती को जनपद फिरोजाबाद के जसराना के ग्राम बड़ा गांव निवासी प्रियांशू पुत्र मनीराम अगवा कर ले गया है। मामा ने आरोपित के खिलाफ कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज कराया है।

### एसके कॉलेज में होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

बदायूं। इंटरमीडिएट बोर्ड प्रायोगिक परीक्षाएं जारी हैं। श्री कृष्णा इंटर कॉलेज में 30 व 31 जनवरी को रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। एक फरवरी को भौतिक विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा होगी। विज्ञान शिक्षक विवेक जौहरी ने सभी परीक्षार्थियों से समय से परीक्षा में उपस्थित रहने का आह्वान किया है। कहा कि प्रायोगिक परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थी अपनी प्रैक्टिकल फाइल, कॉपी एवं चार्ट लेकर उपस्थित रहेंगे।

### खैराती नगर गांव से दो भैंस ले गए चोर

बिल्सी। थाना क्षेत्र के गांव खैराती नगर में बीती शनिवार की रात चोर एक व्यक्ति की दो भैंसों को चुराकर ले गया। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। जिसके बाद पुलिस जांच करने में जुट गई है। क्षेत्र के गांव वैन तान सिंह शाक्य ने बताया कि उसने अपनी दो भैंसों को घेर में बांधा था। रविवार की सुबह वह भैंसों को चारा डालने के लिए गया तो भैंस गायब थीं। आसपास उनको तलाश किया मगर सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी है।

# जलेसर से युवक लापता, भाई ने लगाया हत्या का आरोप

## परिजनों के तलाशने पर लापता युवक की बाइक बंबा में पड़ी मिली

संवाददाता, एटा


लापता युवक की बंबा में पड़ी बाइक देखते पुलिस कर्मी व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जलेसर कस्बे से शनिवार को लापता हुए युवक की बाइक दूसरे दिन रविवार को क्षेत्र के एक बंबा में पड़ी मिली है। उसके भाई ने ऑनर किलिंग की आशंका जताई है। इसका पता लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जलेसर कस्बे के मोहल्ला हथौड़ा निवासी असलम ने बताया कि उसके भाई सोहेल खान का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार की सुबह युवती के पिता ने सोहेल को बुलाया था। इसके बाद से सोहेल खान घर नहीं लौटा। परिजनों ने शनिार देर रात उसे तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिवार वाले

**▸▸ युवक का एक युवती से चल रहा था प्रेम प्रसंग, आरोपी परिवार के लोग घर से फरार**

रविवार को भी उसे तलाश रहे थे। इसी दौरान क्षेत्र के बंबा में सोहेल की बाइक पड़ी मिली। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल जलेसर थाना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक को बंबा से बाहर निकालकर थाने भेज दिया। असलम का आरोप है कि युवती के पिता ने सोहेल को बंधक बनाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने युवती के परिजनों की तलाश की, लेकिन उनके घर में ताला लटका मिला। घर के लोग फरार हैं।

## अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों ने जहर खाया, एक की मौत

**एटा, अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों ने जहर खा लिया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है।

मलावन थाना क्षेत्र के जवाहर तापीय परियोजना में एक युवक ने जहरीला पदार्थ पी लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसका पता लगने पर उसे फौरन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त सुभाषचन्द्र (45) मलावन के रूप में हुई। इसकी सूचना उसके परिजनों को दे दी गई। इसके बाद परिवार वाले शव लेकर लौट गए। वहीं, शनिवार शाम कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम पूठ निवासी सुमित कुमार (22) पुत्र रामअवतार सिंह ने गृहक्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसका पता लगने पर परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया।

# इलाके को लेकर किन्नरों के दो गुट आमने-सामने आए, हुआ हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


गंजडुंडवारा कोतवाली में हंगामा करते किन्नर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा में इलाके के बंटवारे को लेकर किन्नरों के दो गुट आमने-सामने आ गए। इसके बाद उन्होंने गंजडुंडवारा कोतवाली जाकर हंगामा किया। दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने किसी तरह किन्नरों को समझाकर शांत किया।

रविवार को कासगंज व एटा के किन्नर इकट्ठे होकर कोतवाली गंजडुंडवारा जा पहुंचे। जहां जिलाध्यक्ष हाजी मो. आरिफ उर्फ पूजा की ओर से पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया। उनका आरोप है कि कुछ फर्जी किन्नर उनके इलाके में अवैध रूप से

**▸▸ दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाया आरोप, पुलिस को तहरीर दी, जांच शुरू**

वसूली कर रहे हैं, जो उनके क्षेत्र पर कब्जा करके उन्हें हटाकर गद्दी छीनना चाहते है। उन्होंने कहा हमारी समस्या का समाधान न किया। नहीं तो योगी मोदी तक जाकर शिकायत करेंगे। जबकि किन्नरों का दूसरा पक्ष अपनी बात कह रहा था। इसी को लेकर दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात कहकर हंगामा करने लगे। फिलहाल पुलिस ने मामले को पांच फरवरी तक निपटाने का आश्वासन दिया है।

सीईओ पटियाली विजय राना ने बताया किन्नरों के दो पक्षों में आपसी विवाद है, जिसकी जांच की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### भंडारे में सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

बिसौली। नगर के बदायूं रोड पर रामभक्तों ने भंडारे का आयोजन किया। देर शाम तक चले भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व भंडारे के आयोजक आदेश गुप्ता व डा. संजय गुप्ता ने परिवार के साथ हवन में आहुतियां डालीं। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. सत्यपाल वार्ष्णेय ने कहा कि प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ सत्य सनातन धर्म का पुराना वैभव फिर से सम्पूर्ण विश्व में फैलेगा। इस अवसर पर रामरक्षपाल गुप्ता, उपदेश गुप्ता, संदेश, ह्रदेश वार्ष्णेय, मुकेश रहे।

# डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण


वेयरहाउस में निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते डीएम प्रेम रंजन सिंह।

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** डीएम प्रेम रंजन सिंह ने रविवार को ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगातार चलते रहने चाहिए। ईवीएम, वीवीपैट की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों हर वक्त अलर्ट रहने का निर्देश दिया।

डीएम रविवार को दोपहर बाद अचानक वेयरहाउस जा पहुंचे। जहां उन्होंने समस्त व्यवस्थाएं देखीं। डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ निर्वाचन कार्य

**▸▸ सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को हर वक्त अलर्ट रहने के दिए निर्देश**

की समीक्षा कर समस्त तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे कि लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। इस दौरान एसएसपी राजेश कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चैधरी, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, एडीईओ राजेन्द्र कुमार भारती, प्रधानाचार्य आईटीआई अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

## निमोनिया से बालक की मौत

**कासगंज, अमृत विचार:** हिम्मतपुर सही गांव निवासी दंपती ने 23 दिन पहले अस्पताल से एक बालक को गोद लिया था। ठंड अधिक होने की वजह से बालक को निमोनिया हो गया, जिसकी वजह से रविवार को बच्चे की मौत हो गई।

गांव हिम्मतपुर सही निवासी मनोज कुमार व शशि के चार बेटियां हैं। बेटा होने की वजह से उन्होंने चार जनवरी को एटा के जलेसर स्थित अस्पताल से बालक को गोद लिया था। घर ले जाने के बाद उन्होंने बच्चे का नामकरण संस्कार कराया। बच्चे का नाम निहाल रखा। पूरे परिवार में सिर्फ यही चर्चा थी कि हम अब निहाल हो गए, लेकिन दो दिन पहले बच्चे की हालत बिगड़ गई। उसे सर्दी होने पर एक निजी चिकित्सक को दिखाया गया। चिकित्सक ने कहा कि निमोनिया हो गया है। इसके बाद दंपती बच्चे को कई अस्पतालों में ले गए। मगर बच्चे की हालत नहीं सुधरी। आखिरकार रविवार को बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद तो दंपति का ही नहीं बल्कि पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

# क्षय रोगियों को गोद लेकर लिया सेवा का संकल्प


क्षय रोगियों को खाद्य सामग्री की पोटली भेंट करते जिला क्षय रोग अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत निःक्षय पोषण योजना से प्रेरित होकर जिला क्षय रोग केंद्र के कर्मचारी संदीप राजपूत, दीपक कुमार, स्वयंसेवी गजराज सिंह, तौफीक, हसनैन, शाहिद हुसैन एवं जिला क्षयरोग अधिकारी द्वारा दस टीबी मरीजों को गोद लेकर खाद्य सामग्री की पोटली वितरित की गई। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. विनेश कुमार कहा कि जनपद के सभी संभ्रांत व्यक्तियों, सामाजिक संस्थाओं एवं अधिकारियों, कर्मचारियों को ऐसे कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। क्षय रोगी को नियमित अपना परीक्षण कराकर औषधियों का सेवन करना चाहिए। जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि आज क्षय रोग को ठीक करना बहुत आसान हो गया है। सरकार की ओर से कई तरह की सुविधाएं मरीजों को दी जा रही हैं। मरीज के भरण पोषण की जिम्मेदारी भी लोग उठा रहे हैं। निःशुल्क् दवाएं दी जा रहीं हैं। इसलिए मरीज को नियमित रूप से दवा लेनी चाहिए जिससे वह जल्द स्वस्थ हो सके। इस अवसर पर सूरजपाल सिंह, प्रमोद कुलश्रेष्ठ, विमल पाठक, आसिफ रजा, अनिल सक्सेना, ज्योति आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### लर्निंग आउटकम्स एंड पेडागॉजी कार्यशाला आयोजित




बदायूं। उझानी रोड स्थित मदर्स पब्लिक स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम लर्निंग आउटकम्स एंड पेडागोजी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुरादाबाद से आई मुनीरा सिद्दीकी ने अपने अनुभव कौशल को रोचक व सारगर्भित तरीके से प्रदर्शित कर शिक्षक शिक्षिकाओं का ज्ञानवर्धन किया। यह कार्यशाला सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित कराई गई। इसमें मदर्स पब्लिक स्कूल, मदर एथेना स्कूल, ब्लूमिंगडेल व ब्लूमिंगडेल स्कूल दातागंज, डीपीएस, बाबा इंटरनेशनल स्कूल, बीआरबी, जीलोट पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला के समापन पर मदर्स पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य शीबा खान ने मुनीरा सिद्दीकी को प्रतीक चिह्न देकर आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से शिक्षक शिक्षिकाओं के शिक्षण कार्य में निखार आता है, हमें विषम परिस्थितियों में भी अध्यापक की गरिमा को बनाए रखना चाहिए, क्योंकि छात्र-छात्राएं हमारे आचरण एवं व्यवहार से ही सीखते हैं।

### भक्ति जागरण सेवा सोसायटी ने किया हवन पूजन



बदायूं। रविवार को भक्ति जागरण सेवा सोसायटी द्वारा अयोध्या में श्री राम जी का भव्य मंदिर बनने के उपलक्ष्य में रस्तोगी धर्मशाला में हवन पूजन किया गया। इसके साथ ही मनका 108 पाठ और भजन कीर्तन भी किया गया। हवन पूजन की समाप्ति के बाद लंगर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी अनिल अरोरा, संजय अरोरा, अशोक गौर, सरदार भगत सिंह, अमन शर्मा, डॉक्टर आर.ए. शर्मा, डॉक्टर आशु नारंग, डॉक्टर एन.के. सिंह, सरदार गुरदीप सिंह, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, तरुणा, राधा भारद्वाज, माया सेवानी, ममता वर्मा, अमिता शर्मा सहित अन्य लोग भक्तगण शामिल हुए।

### रेलवे महोत्सव आज, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

बदायूं। रेलवे स्टेशन पर सोमवार को स्टेशन महोत्सव मनाया जाएगा। स्टेशन महोत्सव में रेलवे के अधिकारी हिस्सा लेंगे। इस मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार प्रति वर्ष 29 जनवरी को रेलवे महोत्सव मनाया जाता है। इस बार भी सोमवार को रेलवे महोत्सव मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में बरेली इज्जत नगर के अधिकारी भी हिस्सा लेंगे। रेलवे कर्मचारी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

### सदर विधायक ने बालाजी नगर में सीसी रोड का किया लोकार्पण




बदायूं। रविवार को बाला जी नगर में सीसी रोड का सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने लोकार्पण किया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि आज बालाजी नगर में जिस सड़क का लोकार्पण हुआ है इसकी काफी लंबे समय से मांग थी और वास्तव में यहां के लोग इस सड़क के न बनने से परेशान थे। सड़क के बनने से यहां के लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष जितेंद्र साहू, सभासद मनोज चन्देल, डॉ संजीव सक्सेना, राजेस्वर पाठक, राजेश पाल, संजय पाल प्रमोद मिश्रा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर उपाध्यक्ष के एल गुप्ता ने किया।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 20 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.


# जागरुकता शिविर आयोजित कर विधिक सहायता की जानकारी दी

संवाददाता, एटा


जिला कारागार में प्रार्थना पत्रों के साथ खड़े किशोर बंदी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश एवं सचिव के तत्वावधान में रविवार को जिला कारागार में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान किशोर बंदियों की समस्याएं सुनी गईं।

निरीक्षण के दौरान किशोर बैरक में उपस्थित 38 किशोर बंदियों से बात की गई। तथा उनसे संबंधित मुकद्दमों के बारे में जानकारी ली गई। जागरूकता शिविर के अन्तर्गत किशोर बंदियों को विधिक सहायता प्रदान करने हेतु प्रार्थना पत्र कारागार में स्थित विधिक सेवा क्लीनिक में प्रदान करने हेतु जानकारी दी गयी, जिससे उन्हें पैरवी हेतु विधिक सेवाएं प्रदान की जा सकें।

## परशुराम सेवा समिति ने जताया आक्रोश

**कासगंज, अमृत विचार:** ब्राह्मण समाज के लिए अभद्र टिप्पणी का वीडियो वायरल करने के मामले में परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारी एवं ब्राह्मण समाज के लोगों ने आक्रोश जाहिर किया है। वायरल वीडियो का पता लगने पर रविवार को परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारी सिकंदरपुर वैश्य थाने जा पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। आरोपी के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई न हुई तो ब्राह्मण समाज के लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारी भास्कर मिश्रा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कड़ा आक्रोश जाहिर किया गया। इधर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# मेडिकल कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मची रही धूम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



राजकीय मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान संकाय सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति ने नन्दन वन उद्यान में ध्वज फहराया। उसके बाद संस्थान एवं देश के विकास अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति संकल्प दिलाया।

प्राचार्य ने कहा हम सभी का दायित्व है कि अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ते रहें। इसके बाद सभी ने केशव वाटिका में आयोजित सांस्कृतिक न्यूक्लियस 2023 पुरस्कार वितरण में प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य व प्रमुख अधीक्षक एवं संकाय सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में न्यूक्लियस 2023 के विजेताओं, संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांच मेडल के साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मक्त्याज हुसैन, डॉ. आकांक्षा एवं बेस्ट कमेटी के चेयरमैन डॉ. अरुण कुमार द्वारा किया गया।

### एंबुलेंस कर्मियों ने मनाया गणतंत्र दिवस

बदायूं। जिले भर में संचालित 108 एवं 102 एंबुलेंस के समस्त पदाधिकारियों एवं समस्त ईएमटी पायलट द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। साथ ही एंबुलेंस कर्मचारियों ने निस्वार्थ भाव से आम जनमानस की सेवा करने का संकल्प लिया। एंबुलेंस संचालन संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के प्रोग्राम मैनेजर राजन कुमार ने कहा कि एंबुलेंस के स्टाफ ने हमेशा अपने अच्छे कार्य का परिचय दिया है।


अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वविदित हो कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र/ प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0941185 वर्ष 2015 वास्तव में खो गया है। **मो. शोएब पुत्र रशीद अहमद मो. हाथीथान जलाल नगर थाना सदर बाजार, शाहजहाँपुर मो. 6393654431**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राजू पुत्र चन्दा बाबू को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य के उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता न होगा। **लक्ष्मी पत्नी चन्दा बाबू निवासी रोड नं. 7, कृष्णानगर, इज्जतनगर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

